दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 150 | सीकर, गुरूवार 30 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# पेपर लीक रोकने का सख्त कानून लोकसभा में पास

## 7 साल की सजा, 10 करोड़ तक जुर्माना

## राज्यसभा में वंदेमातरम से जुड़ा संशोधित बिल पास

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को ध्वनि मत से पास हो गया। बिल पर मंगलवार को 9 घंटे चर्चा हुई। बुधवार को विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी बिल पर 50 मिनट बोले। विपक्ष के हंगामे के बीच बिल पास हुआ। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े कानून सख्त कर दिए हैं। अब पेपर लीक से जुड़े अपराधों में अधिकतम 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल पास हो गया। अब जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम को कानूनी संरक्षण मिलेगा। वंदे मातरम का अपमान, अनादर और गायन में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा।

### वंदे मातरम के अपमान पर अब 3 साल तक की जेल

राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है। नए कानून में राष्ट्रगीत के अपमान के लिए तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों के प्रावधान हैं।



### लोकसभा में राहुल की 50 मिनट की स्पीच, जमकर हंगामा

#### इडियट शब्द बोलने पर स्पीकर ने 11 बार, रिजिजू ने 7 बार टोका, कहा- माफी मांगें

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े बिल पर 50 मिनट स्पीच दी। उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्द बोले। फिर कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा से बिल हंगामे के बीच पारित हुआ। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 7 बार खड़े होकर राहुल को टोका और संसदीय नियम का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। इस पर राहुल ने कहा, 'अगर आप चाहते हैं कि देश में सिर्फ बीजेपी बोले तो मैं चुप होकर बैठ जाता हूं।' स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल को 11 से ज्यादा बार टोका। कहा कि वे इस तरह के असंसदीय शब्द नहीं बोल सकते। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पीकर से कहा- इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाए।

## महिंद्रा शोरूम के बाहर क्रेन से लटकाई दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो



### लिखा मौत का सामान और 20 लाख का डिब्बा

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** डूंडलोद बाइपास पर 20 जुलाई को हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद बुधवार को परिजनों और दोस्तों ने महिंद्रा शोरूम के बाहर प्रदर्शन किया। विरोध जताने के लिए दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को क्रेन से करीब 20 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि हादसे के दौरान वाहन के एयरबैग नहीं खुले, जिससे युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं निवासी 21 वर्षीय तरुण नायक 20 जुलाई को अपने चार साथियों के साथ सीकर से लौट रहे थे। डूंडलोद बाइपास के पास उनकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और पलट गई। हादसे में तरुण गंभीर घायल हो गए। उन्हें नवलगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वाहन में सवार अन्य चार लोगों को मामूली चोटें आईं। परिजनों का कहना है कि हादसे के समय तरुण ने सीट बेल्ट लगा रखी थी लेकिन इसके बावजूद एयरबैग नहीं खुले। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार कंपनी से संपर्क किया गया लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसी के विरोध में परिजन और दोस्त दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को क्रेन से शोरूम के बाहर लेकर पहुंचे। वाहन पर लाल रंग से मौत का सामान और 20 लाख का डिब्बा लिखकर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। परिजनों ने कहा कि उन्हें मुआवजा या नई गाड़ी नहीं चाहिए बल्कि उनका बेटा, भाई और दोस्त वापस चाहिए। उनका कहना है कि तरुण परिवार के इकलौते कमाने वाले थे और उनकी मौत से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

#### इनका कहना हैं

युवक की मौत दु:खद है। संबंधित वाहन 2024 में चूरू की अधिकृत डीलरशिप से खरीदा गया था। मार्च के लगभग गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ था। जब गाड़ी का झुंझुनू में काम हुआ था। लेकिन एयरबैग का काम नहीं हुआ था। एयरबैग खुलने के कुछ तकनीकी कारण होते है। गाड़ी की फोटोग्राफी कराई गई हैं, इसकी तकनीकी जांच करनी होगी, उसके लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कंपनी प्रबंधन से लगातार संपर्क किया जा रहा है। बीमा कंपनी के माध्यम से नियमानुसार सहायता दिलाने और कंपनी स्तर पर हरसंभव सहयोग का प्रयास किया जाएगा।

**रवि शर्मा, मैनेजर गहलोत मोटर्स झुंझुनूं**

## गुरु का सम्मान व वृक्षों का संरक्षण सच्ची सेवा : ढूकिया

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ व इकाई प्रभारी सुधीर शर्मा द्वारा पौधारोपण कर किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इंजी. ढूकिया ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु हमें ज्ञान का प्रकाश देते हैं और वृक्ष हमें जीवन प्रदान करते हैं। इसलिए गुरु पूर्णिमा पर वृक्षारोपण करना प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। विधार्थियों एवं शिक्षकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को पर्यावरण संरक्षण और गुरु सम्मान के संदेश के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया।

## अध्यापक प्रेरणास्रोत हैं, विद्यार्थी भविष्य के आधार : मनीष अग्रवाल



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस. एस. मोदी विद्या विहार में भारत विकास परिषद, झुंझुनू शाखा के सौजन्य से गुरू वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद राष्ट्रीय पदाधिकारी ट्रस्ट सलाहकार मनीष अग्रवाल, भारत विकास परिषद, झुंझुनू शाखा अध्यक्ष सीए जिम्मी मोदी, सचिव देवेश मारवाल व कोषाध्यक्ष प्रमोद चोटिया थे। प्राचार्य विजय मसीह ने आगंतुकों का पुष्प गुच्छ से अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय समन्वयक एवं भारत विकास परिषद राष्ट्रीय पदाधिकारी ट्रस्ट सलाहकार के मनीष अग्रवाल ने इस पर्व के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा बहुत प्राचीन है। हर महान व्यक्ति के जीवन को श्रेष्ठ बनाने में उसके गुरु का योगदान होता है। बच्चों में अच्छे संस्कार पनपे, वे अपने बड़ों को सम्मान करें यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। भारत विकास परिषद के सीए जिम्मी मोदी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि हमें अपने जीवन में सही राह का चयन करना चाहिए। उन्होंने गुरू का ज्ञान वर्षा के बूंदों के समान है जो विद्यार्थी उसमें आत्मसात कर लेता है वही मोती बनकर चमकता है। इसलिए हमें परोपकार की भावना को अपनाते हुए सद्कर्म करने चाहिए। प्रार्थना सभा में प्राचार्य विजय मसीह व विद्यालय परिवार से चयनित दो अध्यापक जितेन्द्र दाधीच एवं मधु जांगिड़ को स्मृति चिह्न व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में विद्यालय के चार होनहार विद्यार्थियों भवि सुगंध-12वीं, संकेत रेपस्वाल-12वीं, हृदय मोदी-10वीं व अनन्या चैधरी-8वीं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ ने गुरू वंदना से समारोह का समापन किया और भारत विकास परिषद की ओर से पधारे सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्य, विद्यालय स्टाफ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने गुरू वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह में सम्मानित हुए शिक्षकगण व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## समाजसेवा के रंग में रंगी गुरु पूर्णिमा लायंस क्लब ने निभाई जिम्मेदारी

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर लायंस क्लब झुंझुनू जीवन द्वारा समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का शुभारंभ क्लब के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय डॉ जेसी जैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने उनके बताए सेवा, संस्कार एवं मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मुकेश एस. मूंड ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु वंदन का पर्व नहीं बल्कि गुरु से प्राप्त संस्कारों को समाजसेवा के माध्यम से जीवन में उतारने का अवसर भी है। इसी भावना को साकार करते हुए क्लब द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गई।

### मान नगर में लगाए गए 11 फलदार एवं छायादार पौधे

गुरु पूर्णिमा सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के सामने स्थित मान नगर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 11 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की संयोजक एवं प्रायोजक लायन डॉ संगीता मूंड रहीं।

### नंदीशाला में की गौ सेवा

बगड़ रोड स्थित नंदीशाला में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौवंश को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर सेवा की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक लायन डॉ शुभकरण सिंह कालेर रहे। उपस्थित सदस्यों ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति एवं गुरु परंपरा का महत्वपूर्ण अंग बताया।



### बीडीके अस्पताल में मरीजों को वितरित किए फल

सेवा अभियान के अंतर्गत बीडीके अस्पताल के जनाना वार्ड में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की संयोजक एवं प्रायोजक लायन रीना पूनिया रहीं। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मुकेश एस. मूंड ने कहा कि लायंस क्लब झुंझुनू जीवन का उद्देश्य सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। क्लब भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूखमुक्त समाज और मानव सेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रमों में एमजेएफ लायन ओमप्रकाश मूंड, लायन रामावतार सिंह रेपस्वाल, लायन रणवीर सिंह गोदारा, एडवोकेट लायन वीरेंद्र सिंह चाहर, लायन प्रकाश सोनी, लायन रणधीर सिंह डूडी, लायन रीना पूनिया, लायन डॉ संगीता मूंड सहित अन्य लायन सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### अन्नपूर्णा रसोई में कराया भोजन वितरण

बीडीके परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक लायन रामावतार सिंह रेपस्वाल रहे। क्लब सदस्यों ने कहा कि भूखे व्यक्ति को भोजन कराना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है।

### सैनिक एकेडमी में लगाए गए 21 फूलदार पौधे

सैनिक एकेडमी झुंझुनू परिसर में एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के अंतर्गत 21 फूलदार पौधे लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम की संयोजक लायन डॉ संगीता मूंड रहीं तथा प्रायोजक सैनिक एकेडमी झुंझुनू रहा। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

## शानदार बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स में 889 अंकों की बढ़त तो निफ्टी 50 में 1.1% की उछाल

**नई दिल्ली.** वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार शानदार बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस बीच, घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्कों में 1.1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। बाजार में यह तेजी पिछले दिन की गिरावट के बाद आई है, जिसमें आईटी शेयरों का बड़ा योगदान रहा है। सेंसेक्स 889 अंक यानी 1.16 प्रतिशत उछलकर 77,654.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 265 अंक यानी 1.10 प्रतिशत बढ़कर 24,250.20 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 76,765.92 से 657.85 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,423.77 पर खुला और दिन में एक समय 999.57 अंक यानी 1.30 प्रतिशत उछलकर 77,765.49 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 23,985.35 से 191.3 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,176.65 पर खुला, और दिन में एक समय यह 298 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उछलकर 24,283.55 के दिन के उच्चतम स्तर को टच कर गया।

## एडीएम कार्यालय का निजी सहायक एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर पूर्व कार्यालय में तैनात निजी सहायक पीए मुकेश चौधरी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित निजी सहायक मुकेश चौधरी को जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम पूर्व कार्यालय से ट्रैप कार्रवाई के दौरान पकड़ा गया। मामले में एसीबी यह भी जांच कर रही है कि रिश्वतखोरी के इस खेल में आरोपी अकेला शामिल था या इसके पीछे कोई और भी है। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी की फर्म ने हाल ही में आयोजित फॉरेस्टर और द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं के दौरान लॉजिस्टिक सपोर्ट उपलब्ध कराया था। इसके तहत करीब 80 से 100 वाहनों से ओएमआर शीट और प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने तथा वापस एडीएम कार्यालय लाने का कार्य किया गया था। इस कार्य के करीब 16 से 17 लाख रुपए के बिलों का भुगतान लंबित था। जांच में सामने आया कि एडीएम पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा के कार्यालय में कार्यरत पीए मुकेश चौधरी ने बिल पास कराने की एवज में डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद में एक लाख रुपए देने पर सहमति बनी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने गोपनीय सत्यापन कराया और बुधवार दोपहर करीब दो बजे ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को परिवादी से एक लाख रुपए की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग ने बताया कि आरोपी ने बिल राशि का करीब 10 प्रतिशत कमीशन मांगा था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर लैपटॉप खरीदने के लिए रिश्वत की राशि मांग रहा था। हालांकि एसीबी तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह जांच कर रही है कि रिश्वत की मांग केवल पीए ने की थी या इसमें अन्य अधिकारियों अथवा कर्मचारियों की भी भूमिका है।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित



नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भारत विकास परिषद शाखा लोसल ने गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोसल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का भव्य समारोह का आयोजन किया गया । आयोजित समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले गुरुजनों व उच्चतम परीक्षा परिणाम मैं सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों का समारोह में सम्मानित किया गया । इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा लोसल के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मिश्रा भारत विकास परिषद के सचिव श्रवण सिंह भीराना भारत विकास परिषद के पदाधिकारी आत्माराम सोनी श्रवण कुमार टाक कोषाध्यक्ष सूरजमल जाटोलिया विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर सिंह , निदेशक बनवारी लाल, कुमावत विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात अध्यक्ष श्रीमान जगदीश प्रसाद मिश्रा व निर्देशक बनवारी लाल कुमावत ने सभी गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अवैध हीरोइन चिट्टा के साथ कार सवार तीन गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू की सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन नकेल के तहत बड़ी कारवाई करते हुए अवैध हीरोइन चिट्टा के साथ कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सदर थानाधिकारी इंद्रलाल महर्षि ने बताया मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने प्रोएक्टिव पुलिसींग के तहत हीरोइन चिट्टा की अवैध बिक्री से पूर्व ही रामसरा निवासी मोहित, चांदनी चौक निवासी जतिन भार्गव, वार्ड 26 निवासी अनवर को 6.44 ग्राम अवैध हीरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार कर कार सीज कर ली। पुलिस ने एनडीपिएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्जकर जाँच रतननगर थाना पुलिस को सौपी है। जब्त हीरोइन चिट्टा की बाजार कीमत एक लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है, पुलिस अब पड़ताल कर रही है। की आरोपी चिट्टा कहा से लाए और चूरू में अब किसे सप्लाई करने वाले थे।

# गणेश नाथ आश्रम में श्रद्धा से मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** फूसकानी स्थित गणेश नाथ आश्रम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम के सेवकों ने महंत चंद्र प्रकाश नाथ महाराज एवं योगिनी रिद्धि नाथ गुरु योगी की विधिवत पूजा-अर्चना कर दक्षिणा भेंट की और उनका सम्मान किया। गुरु पूजन के बाद महाआरती का आयोजन किया गया तथा भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें चूड़ी अजीतगढ़ के भजन गायक जगदीश कुमावत ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, प्यारे लाल स्वामी, जीताराम एचरा, महावीर मील, शिशुपाल धायल, फूलचंद डोटासरा, रामचंद सैन, रक्षपाल शर्मा, रामवतार धायल, सत्यवीर सिंह शेखावत, नरेश धायल, सुभाष स्वामी, राजकुमार धायल, रामचंद मेघवाल, बिरजू मेघवाल, प्रदीप शिवराण, मोहन धायल, दिनेश धायल, वीरेंद्र सिंह शेखावत, विजेंद्र सिंह शेखावत, रामगोपाल सैन, मुकेश कुमार मालावत, बाबूलाल एवं राकेश टेलर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सांप के काटने पर बिगड़ी तबियत

## परिजन सांप को साथ लेकर पहुंचे अस्पताल

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** साँप का नाम सुनते ही बड़े, बडो की कम्पकम्पी छूट जाती है। साँपो की प्रजाति में से एक ब्लैक कोबरा साँप होता है, कि इसके काटने के बाद सही समय पर उपचार ना मिले तो व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। चूरू में इन दिनों इस जहरीले सांप का आतंक बना हुआ है, हर सप्ताह करीबन तीन चार मामले सामने आ रहे हैं। राजकीय भर्तिया अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अजीत गढ़वाल बताते हैं। कि सभी साँप जहरीले नही होते, लोग काटने के बाद अक्सर डर व अज्ञानता के चलते इन्हे मार भी देते हैं। रामगढ़ के एक 55 वर्षीय व्यक्ति को जहरीले सांप ने काट लिया जिसके बाद मो सलीम की तबीयत बिगड़ गई।

तबीयत बिगड़ने पर मो सलीम को परिजन पहले रामगढ़ अस्पताल ले गए फिर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां मो सलीम की स्थिति गंभीर होने पर उसे अस्पताल के एमआईसीयू वार्ड में भर्ती किया है। परिजनों ने बताया कि मो सलीम फार्म हॉउस गया था, वही उसे जहरीले कोबरा सांप ने काट लिया। वही कोबरा के काटने के बाद परिजनों ने पहले काटने वाले सांप का रेसक्यू किया और फिर डिब्बे में कैद कर मरीज के साथ सांप को भी राजकीय भर्तिया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड पहुंचाया।

### चिकित्सक ने कहा जरूरी नहीं सांप को रेसक्यू किया जाए

राजकीय भर्तिया अस्पताल के फिजिशियन डॉक्टर प्रदीप कस्वा ने कहा जरूरी नहीं काटने वाले सांप को रेसक्यू किया जाए। अक्सर चिकित्सक को दिखाने के लिए लोग काटने वाले सांप का रेसक्यू कर लेते है। चिकित्सक प्रदीप कस्वा ने कहा ऐसे में कई बार स्नेक बाईट एक की जगह दूसरी को भी हो जाती है और उसकी जान भी जोखिम में पड़ जाती है इसलिए बिना स्नेक को साथ लाए भी वह उपचार करने में सक्षम है।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर विशेष पहल, 21 हजार से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रकृति को हरा-भरा बनाने के लिए एक बड़े महा-अभियान की शुरुआत की गई है। सहयोग एक पहल संस्थान और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड खेतड़ी नगर के संयुक्त तत्वावधान में इस मानसून सत्र के दौरान 21 हजार से ज्यादा पौधे लगाने का मजबूत संकल्प लिया गया है। इस अभियान की आधिकारिक शुरुआत सिंघाना स्थित तीजा वाला जोहड़ के पास, गौशाला उपचार केंद्र में 21 पौधे लगाकर की गई। पौधों के रोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इन रोपे गए पौधों की नियमित सार-संभाल और देखरेख की जिम्मेदारी गौरक्षक रणजीत नायक को सौंपी गई है।

### तीन चरणों में पूरा होगा लक्ष्य

संस्थान के अध्यक्ष युवा समाजिक कार्यकर्ता डी पी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसून की अच्छी बारिश के तुरंत बाद आमजन और क्षेत्रवासियों को निःशुल्क पौधों का वितरण शुरू किया जाएगा। इस पूरे पौधरोपण अभियान को तीन अलग-अलग चरणों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि वितरित किए गए।

### पूर्व में भी रच चुके हैं कीर्तिमान

संस्थान का पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह कोई पहला प्रयास नहीं है। उल्लेखनीय है कि सहयोग एक पहल संस्थान द्वारा पूर्व में भी सिंघाना और आसपास के क्षेत्रों में 22 हजार से अधिक निःशुल्क पौधे लगाए जा चुके हैं, जो आज लहलहा रहे हैं। इस बार के 21 हजार पौधों के नए लक्ष्य के साथ क्षेत्र में कुल पौधारोपण का आंकड़ा 43 हजार के पार पहुंच जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पदाधिकारी अध्यक्ष डीपी सैनी, महासचिव अजीत जांगिड़, कोषाध्यक्ष सियाराम शर्मा, संगठन महामंत्री इकबाल खान, शिक्षाविद् बनवारी लाल सैनी, बुधराम गुर्जरवास, राजू गराटी, रणजीत सैनी, विक्रम सैनी, विजेंद्र ई मित्र, विपिन, तनुज, रणवीर, शुभम, प्रिंस, निहाल सिंह और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जो पर्यावरण को बचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए पूर्णतया समर्पित है।

# अच्छी बारिश और समृध्द फसल की कामना को लेकर हुआ सामूहिक हवन

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** तहसील के मेलूसर बीकान गांव में क्षेत्र में अच्छी वर्षा, किसानों की खुशहाली एवं भरपूर फसल की कामना को लेकर गांव के ताल मैदान में श्रद्धा और आस्था के साथ सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। हवन में गांव के गणमान्य नागरिकों, किसानों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति दी तथा इंद्रदेव से समय पर अच्छी वर्षा की प्रार्थना की। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता गजानंद पारीक ने बताया कि क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसान चिंतित हैं। खरीफ फसलों की बुवाई के बाद वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। ऐसे में गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से हवन-यज्ञ का आयोजन कर इंद्रदेव को प्रसन्न करने तथा क्षेत्र में अच्छी वर्षा, किसानों की समृद्धि और सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने प्रकृति के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी वर्षा से न केवल किसानों की मेहनत सफल होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। आयोजन का वातावरण पूरी तरह धार्मिक और भक्तिमय रहा तथा ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से क्षेत्र की उन्नति और जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता गजानंद पारीक, दारासिंह जोरावरपुरा, अमरचंद गौड़, हनुमान बागड़िया, भगवानराम मेघवाल, परमेश्वरराम मेघवाल, रामेश्वरलाल, भंवरलाल नायक सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक, किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ डीडवाना में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं ध्यान साधना कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डीडवाना शहर एवं लाडनूं सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। महायज्ञ का संचालन रुक्मणी शर्मा, चंचल शर्मा एवं रेखा गुर्जर ने वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति की परम्परा के अनुरूप पुंसवन संस्कारए यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार सम्पन्न कराए गए। परिव्राजक नंदलाल यादव ने गर्भवती माताओं का वैदिक विधि से पुंसवन संस्कार सम्पन्न कराया तथा युवाओं को यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार कराते हुए सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने का संदेश दिया। गायत्री शक्तिपीठ, डीडवाना की व्यवस्थापिका डॉ. ईशा गुर्जर ने श्रद्धालुओं को ध्यानयोग का अभ्यास करवाते हुए बताया कि ध्यान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति परमात्मा से आत्मिक जुड़ाव स्थापित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव के विचारों, संस्कारों एवं सद्गुणों को जीवन में अपनाकर व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर व्यवस्थापिका डॉ ईशा गुर्जर, जिला संयोजक घनश्याम सिंह राठौड़, बापूजी कॉलेज निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर, प्राचार्य डॉ. गौतम उपाध्याय, वैद्य हरिराम शर्मा सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पिता की स्मृति में केडिया परिवार ने लगाई आरओ प्याऊ

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्व. रमेश केडिया की स्मृति में केडिया परिवार ने केसीसी न्यू मार्केट के पास आरओ फिल्टर युक्त प्याऊ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी के कार्यपालक निदेशक पुरषोतम दास बोहरा थे। अध्यक्षता स्व. रमेश केडिया की पत्नी शकुंतला केडिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में केसीसी महाप्रबंधक वीके इंद्रा, जयंत मुखोपाध्याय, भूपेश बंबोरिया, विपिन शर्मा, समाजसेवी हरीराम गुर्जर एवं मुन्नालाल जैदिया शामिल रहे। अतिथियों ने विधिवत फीता काटकर आरओ प्याऊ का उद्घाटन किया।

पीडी बोहरा ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि केसीसी टाउनशिप में सार्वजनिक प्याऊ की कमी के कारण राहगीरों को गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता था। ऐसे में स्व. रमेश केडिया की स्मृति में शकुंतला केडिया की प्रेरणा से उनके पुत्र संजय केडिया, अजय केडिया, राहुल केडिया तथा पुत्रवधू रचना केडिया व जीविका द्वारा शुरू की गई यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने प्याऊ के दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग लगाने तथा टाउनशिप के जर्जर पार्कों की गोठड़ा ग्राम पंचायत को एनओसी जारी करने की मांग रखी। इस पर पीडी बोहरा ने दोनों मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान वीके इंद्रा, सवाईसिंह सिराधना, हरीराम गुर्जर, विपिन शर्मा एवं मुन्नालाल जैदिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केडिया परिवार की जनसेवा की भावना की सराहना की। सरिता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में पौधरोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया। संचालन संजय जिदंड ने किया। इस अवसर पर सुरेश कानोडिया, विकास सैनी, प्रभु सैनी, जुगल किशोर सैनी, रविंद्र फौजी, डॉ प्रमोद गुर्जर, अभिषेक पारीक, राजेश डांढेल, अश्वनी गुरावड़िया, हसरत हुसैन, धर्मपाल कुमावत, यूसुफ अली, महेश अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, श्यामसिंह चौहान, जितेंद्र सोनी, राजकुमार बाड़ेटिया, रमेश पांडे, आलोक जैदिया, अरविंद, दीपक मोदी, नवाब अली, विमल शर्मा, प्रमोद स्वामी, नासिर हुसैन, घनश्याम दास, आत्मेश नालपुरिया, मुकेश अग्रवाल, शंकर दत्त तिवाड़ी, नरेश मीणा, राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सेनेट्री वेयर की दुकान में लगी आग

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में मंगलवार देर रात सैनेटरी वेयर की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया, वहीं आग से आस पास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। वहीं पालिका की दमकल और मौके पर मौजूद लोगों ने विभिन्न तरीकों से आग पर काबू पानी का प्रयास किया। रतनगढ़ के वार्ड 16 में गंगाराम हॉस्पिटल के सामने स्थित सैनिटरी वेयर की दूकान में आग लग गई । दुकान मालिक संजय काछवाल ने बताया कि प्रतिष्ठान में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। लेकिन सूचना मिलते ही पालिका दमकल तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग की सूचना पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं आग से दुकान में रखा सेनेट्री फिटिंग का काफी समान जलने से नुकसान होने की सम्भावना है। कितना नुक्सान हुआ, इसका आंकलन आज दुकान मालिक द्वारा पुरी जानकारी लेकर ही किया जाएगा।

# स्कूल में प्रधानाचार्य सहित कई पद रिक्त, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुगाला में नए शैक्षणिक सत्र का एक माह बीत जाने के बावजूद प्रधानाचार्य सहित कई महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा अभिभावकों में भी चिंता बढ़ रही है। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि विद्यालय में अभी तक प्रधानाचार्य का पद खाली है। इसके अलावा कृषि विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषय के व्याख्याताओं के पद भी रिक्त हैं। इन विषयों के नियमित शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है और बोर्ड कक्षाओं के छात्रों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सभी रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएं ताकि शिक्षण व्यवस्था सुचारु हो सके और छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने भी विद्यालय में शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय तक पद खाली रहने से शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

# गुरु पूर्णिमा पर वैदिक यज्ञ एवं सत्संग आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार प्रातः झुझार सिंह पार्क में नियमित योगाभ्यास के उपरांत वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण एवं जन-स्वास्थ्य की मंगलकामना की। यज्ञ के मुख्य यजमान शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक रहे। यज्ञ का वैदिक विधि-विधान से संचालन आर्य समाज के प्रधान डी वी शास्त्री ने संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन कुमार, राज्य प्रभारी, पतंजलि योग समिति राजस्थान ने गुरु परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले प्रेरणास्रोत होते हैं। उन्होंने योग, यज्ञ और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार का संदेश देते हुए सभी से नियमित योगाभ्यास तथा संस्कारमय जीवन अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गोपाल राम सैनी, जागी राम सैनी, सम्पत बारूपाल, मनीराम कुल्हरी, डूंगर मल कुमावत, राजेंद्र कुमावत, रामनिवास जिनोलिया, सुरेश जाखड़, भगीरथ सोहु, शीश राम नेहरा, संजय अग्रवाल, विनोद शर्मा, अनिल ठाकुर, मनीराम खालिया, आकाश नेहरा, जीतेन्द्र टीबड़ा, विवेक कुमार, विकास शेरावत, कमल मारु, विनोद पुजारी, रामनिवास झाझड़िया, राहुल झाझड़िया, लता नेहरा, प्रीति शर्मा, सुमित्रा खालिया, सावित्री सैनी, सरिता देवी, इंदु देवी, संतोष कँवर, विमला बेनीवाल, पूनम देवी, संतोष राव, सावित्री चौधरी, मीनू अग्रवाल भी उपस्थित थे।

# अपना घर आश्रम को गुप्त दान के रूप में मिली एंबुलेंस

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में बेसहारा, निराश्रित और दिव्यांग व्यक्तियों की प्रभु के रूप में सेवार्थ संचालित अपना घर आश्रम में श्री ठाकुर महाराज की कृपा से गुप्त दान के रूप में एम्बुलेंस प्राप्त हुई। आश्रम अध्यक्ष डॉण् विजय प्रकाश गोयल ने बताया कि आश्रम में निवासरत अस्वस्थ प्रभुजनों को चिकित्सा हेतु लाने-ले जाने और विभिन्न स्थानों से प्रभुजनों का रेस्क्यू करने के लिए चिकित्सा वाहन की आवश्यकतापूर्ति हेतु आश्रम की मान्यतानुसार ठाकुर को चिट्ठी लिखी हुई थी । यह मान्यता उस समय और भी दृढ़ हो गई। जब प्रभुजनों के प्रति करुणा भाव रखने वाले परोपकारी गुप्तदानी ने संचालन समिति के सक्रिय सदस्य महावीर रामगढ़िया की प्रेरणा से चिकित्सा वाहन क्रय करने के लिए सात लाख पचास हजार रुपए की व्यवस्था कर दी । आश्रम के संरक्षक ट्रस्टी समाजसेवी जोधराज बैद, सचिव कुलदीप व्यास, कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर, उपाध्यक्ष भंवरलाल मूंदलिया, व्यवस्था संचालन समिति के डॉ गोपाल दत्त शर्मा, प्रताप बोथरा आदि ने दानदाता भामाशाह परिवार का आभार प्रकट करते हुए आश्रम की बहुत बड़ी आवश्यकता पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# घर में घुसकर छह महीने की गर्भवती महिला का छुरे से रेंता गला



नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। धोद पुलिस थाना इलाके के सरवडी गांव में पड़ोसी युवक ने घर में अकेली छह महीने की गर्भवती महिला पर धारदार छुरे से हमला कर उसका गला रेत दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को सीकर से जयपुर रैफर कर दिया गया है। जबकि घटना के बाद से आरोपी फरार है पुलिस आरोपी पर शिकंजा कसने के लिए जुटी हुई है। बुधवार को ग्रामीणों ने धोद पुलिस थाना के सामने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर धरना पर बैठ गए। सरवडी गांव के प्रहलाद सिंह रावणा राजपूत की बेटी है प्रियंका। पिछले एक महीने से अपने पिता के पास पिहर आई हुई थी। उसका ससुराल नागौर जिले में है और वह छह महीने की गर्भवती भी है। प्रहलाद सिंह रावणा राजपूत का कहना है कि मंगलवार सुबह वे गांव में सामान लेने के लिए गए हुए थे। महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ घर में थी। इसी दौरान सुरेश सैनी पुत्र रामपाल घर में घुसकर प्रियंका पर छुरे से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला का गला रेत दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद महिला ने झोपड़ी से बाहर निकलकर जान बचाने के लिए कुछ दूरी तक भागी लेकिन अत्यधिक खून निकलने से रास्ता में गिर गई। प्रियंका को मंगलवार को गंभीर हालत में इलाज के लिए लोसल उपजिला अस्पताल से सीकर अस्पताल लाया गया जहां उसे इलाज के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया।

## गुरु वंदना समारोह आयोजित



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के ऐतिहासिक पन्ना शाह तालाब स्थित मखनदास महाराज आश्रम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गुरु वंदना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर गुरु परंपरा का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर रहे। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री का वंदन पत्र आश्रम के संत महात्माओं को भेंट करते हुए गुरु परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु के मार्गदर्शन से ही समाज में ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने सभी से गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने और समाज में सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपखंड स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विधायक धर्मपाल गुर्जर सहित उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने आश्रम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान संतों का सम्मान किया गया तथा गुरु महिमा पर आधारित प्रवचन और भजन प्रस्तुत किए गए, जिनसे पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार चौहान, ज्योति भारद्वाज, जिला महामंत्री निखिल शर्मा, डॉ सोमदत्त भगत, थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद, पूर्व प्रधान मदन लाल गुर्जर, प्रदीप सुरोलिया, नगेन्द्र सोढा, पवन कुमार भार्गव, विजेन्द्र सैनी, कैलाश चंद, नंदकिशोर चौकड़ीवाला, रजत कुमार, अभिषेक कुमार, सुनील सैनी, बिमला, संतोष, संतरा देवी, निर्मला देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं


**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा की देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय स्कूल में पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को साईबर अपराध, महिला सुरक्षा एंव नवीन कानूनों के बारे में दी गई जानकारी। कार्यक्रम में थानाधिकारी रामनारायण चोयल एवं उनकी टीम द्वारा स्कूल की छात्राओं एवं स्टाफ को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें कानूनों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साईबर क्राईम के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि साइबर क्राइम एक ऐसा गैरकानूनी काम है जो कंप्यूटर, मोबाइल और इंटरनेट की मदद से किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से फर्जी मैसेज भेजना, सिस्टम चुराना या ब्लॉक करना और ऑनलाइन धोखाधड़ी शामिल हैं। साईबर क्राईम से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क रहना चाहिए। विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित व्यवहार करता है या असहज महसूस कराता है, तो इसकी जानकारी बिना किसी भय या संकोच के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा पुलिस को तुरंत दें। साथ ही बच्चों को पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया गया कि बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध गंभीर एवं दंडनीय अपराध हैं तथा ऐसे मामलों में त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग एवं उसकी विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, महिला गरिमा हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपातकालीन हेल्पलाइन तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। थानाधिकारी ने कहा कि अपने आसपास किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां या कोई अपराधी दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देकर अपराध रोकने में पुलिस का सहयोग करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय मे पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बेहतर बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य विधा रोहिताश्व, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, नवीन कुमार, विजयपाल, सज्जन कुमार, अनिल कुमार, विजेश कुमार, नेहा, संतोष, सविता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महनसर सीएचसी की पीएचसी से बुरी हालत, रंगीन एक्स-रे मशीन नहीं

### 17 महिनों से चार चिकित्सकों के पद रिक्त

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** महनसर में सीएचसी में रंगीन एक्स-रे मशीन नहीं होने और चार चिकित्सकों के पद खाली होने से मरीजों इलाज व रंगीन एक्स-रे के लिए चूरू या झुंझुनू जाना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने रंगीन एक्स-रे मशीन लगाने और रिक्त चिकित्सकों के पद भरने की मांग की है। प्रवीण दायमा ने चिकित्सा विभाग को पत्र देकर बताया कि सरकार ने इस पीएचसी को वर्षों पूर्व सीएचसी बना दी लेकिन इसमें मरीजों को सीएचसी जैसा उपचार व जांच योजनाओं का पुरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसमें चिकित्सकों के पांच पद स्वीकृत हैं लेकिन 17 महिनों से सीएचसी एक महिला चिकित्सक के भरोसे चल रही चार चिकित्सकों के पद खाली हैं जब किसी मरीज को एक्स-रे करवाना होता है तो सीएचसी में लगी पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट एक्स-रे मशीन से एक्स-रे निकाला जाता है जो साफ नहीं निकलता है। इसलिए यह मशीन मरीजों के लिए अन उपयोगी साबित हो रही है जबकि की चिकित्सक रंगीन एक्स-रे निकलवाने के लिए बोलते हैं तथा मरीज रंगीन एक्स-रे निकलवाने के लिए महनसर से 15 किलो मिटर दूर चूरू जाकर निजी एक्स-रे लेब से निकलवा कर लाते है। इससे मरीज को समय व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं इलाज में भी देरी होती है। महनसर के लिए अलॉट हुई 108 एम्बुलेंस भी पिछले एक साल में अन्य अस्पतालों में लगी हुई है। इस सीएचसी की पीएचसी से भी बुरी हालत हो रही है। जबकि सरकार विभाग के जिम्मेदारों को निर्देश दे रखे हैं कि ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए क्या यही है बेहतर सुविधा का पैमाना। इस सीएचसी में 17 महिनों से पांच की जगह एक ही चिकित्सक से महनसर सहित नजदीकी एक दर्जन से ज्यादा गांवों से आने वाले मरीजों का इलाज कैसे संभव हो। सीएचसी की इस हालत में सुधार करवाने व चिकित्सक लगाने के लिए कई बार विभाग के जिम्मेदारों को पत्र व सीएमएचओ कार्यालय में जाकर गुहार लगा चूके हैं परंतु जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रैंग रहीं।



## बालिका विद्यालय में रीडिंग प्रमोशन कैंपेन का शुभारंभ



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को मिशन पढ़ो राजस्थान के तहत रीडिंग प्रमोशन कैंपेन का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीईओ नरेश गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, एसीबीईओ भूपेंद्र सिंह व रघुनन्दन शास्त्री के आतिथ्य में किया गया। डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने बताया कि इस अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं द्वारा सामूहिक पठन गतिविधि का आयोजन किया गया। सीबीईओ नरेश गुप्ता ने मिशन पढ़ो राजस्थान के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं को पढ़ाई के प्रति सचेत रहने पर बल दिया। छात्राओं को डीबीटी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनुजा, मनीषा सैनी, कुसुमलता, लक्ष्मणराम धायल, मनोज कुमारी, मंजू सौंकरिया, कविता कटारिया, विमला, लक्ष्मी, माया सैनी सहित छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने किया।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षा को मिला तकनीकी संबल

### भामाशाह ने विद्यालय को भेंट किया प्रिंटर



हरीश देवंदा

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, नीमकाथाना में बुधवार को श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव के साथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोरी लाल सिंघल ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गोकुल दिवाच हीरानगर उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि गोकुल दिवाच ने विद्यालय को ब्रदर कंपनी का कंप्यूटर प्रिंटर सप्रेम भेंट किया। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगामी सत्र के लिए उत्तर पुस्तिकाएं एवं स्टेशनरी सामग्री भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। उनके इस सहयोग की विद्यालय परिवार ने सराहना करते हुए इसे शिक्षा के प्रति समाज की सकारात्मक भागीदारी बताया। प्रधानाचार्य किशोरी लाल सिंघल ने गोकुल दिवाच का माला, साफा एवं भामाशाह सम्मान पत्र प्रदान कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक संसाधनों का विस्तार होता है और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं। कार्यक्रम का संचालन मखनलाल ने किया जबकि नेमीचंद वर्मा ने भामाशाह प्रेरक की भूमिका निभाई। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के मूल्यों का संदेश दिया गया।

## उपखंड अधिकारी ने किया शिविर का अवलोकन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गेड़ाप में ग्रामीण सेवा शिविर का फोलो अप कैंप आयोजित किया गया। जिसका अवलोकन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने किया। शिविर में आम लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में एसडीएम ने जानकारी दी। इस अवसर पर नाम शुद्धिकरण के कार्य 17, चिकित्सा विभाग द्वारा जांच परामर्श की 338, आयुर्वेद विभाग द्वारा दवा वितरण 320, पशुपालन विभाग द्वारा 35 पशुओं को दवा वितरण, जन्म प्रमाण पत्र 5 जारी किए गए।

मौके पर प्रशासक संतु देवी, सहायक विकास अधिकारी घनश्याम भाटी, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा, तहसीलदार अर्जुन सालोदिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय विद्यालय जाखोद में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** खंड मंत्री डॉ भरत सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के द्वारा प्रदेश भर में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार गुरू पूर्णिमा पर जाखोद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश गुप्ता थे विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ अनिल शर्मा एवं संदर्भ व्यक्ति सुदर्शन शर्मा, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गोयल रहे। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा गुरु महिमा एवं शिक्षा विभाग में राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को हिंदी और अंग्रेजी में धारा प्रवाह पठन के विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथियों ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को राष्ट्रहित में बताया। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन समय से ही विश्व गुरु था एवं आने वाले समय में विश्व स्तर पर भारत की पहचान और विकसित भारत के सपने को पूरा करने में भारत के शिक्षको का बहुत बड़ा योगदान होगा। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थी के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास, कौशल आधारित शिक्षण, कर्म की महता, राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति के विषय में विचार व्यक्त किया। सहायक परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सरकारी विद्यालय का विशेष योगदान है। 31 जुलाई को सेवानिवृत होने वाले शिक्षक हजारीलाल बड़सीवाल, प्रधानाचार्य, जगदीश मेचू एवं वरिष्ठ प्रबोधक दलीप सिंह का गुरु वंदन कार्यक्रम में संगठन की तरफ से सम्मान किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सैनी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर उपशाखा अध्यक्ष राहुल कुमार, जयपाल सिंह, महिपाल सिंह खराडिया, अनिल कुमार विचारणीय, पिंकी, किरण कुमारी, सविता माहिच एवं विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपशाखा मंत्री डॉ भारत द्वारा किया गया।

## नगरपरिषद में लगा वार्ड 13, 14 के लोगों के लिए शिविर

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत वार्ड नं 13 व 14 का शिविर कार्यालय नगर परिषद के वीसी रूम में आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 3, पट्टा नवीनीकरण 5 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 6, जीवीपी 5, सीवर कनेक्शन 4, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 22, स्ट्रीट लाईट 5, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 5, पीएम स्वनिधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 30, वृक्षारोपण 210, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 2, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉब कार्ड 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 2, ढीले तारों को व्यवस्थित 4 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 557 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 110 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 407 प्रकरण, आधार सिडिंग 5, आधार केवाईसी 4, एलपीजी आईडी केवाईसी 1 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणियां, पंकज घासोलिया निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि नरेन्द्र प्रजापत, राकेश प्रजापत आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी चारवी, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, प्रमोद विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानियां, नरपत जाट, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशियन राकेश तूनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।



## 41 सखियों का दल सांवरिया सेठ रवाना



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय श्री श्याम सखी मंडल का दल धार्मिक स्थल भ्रमण हेतु सांवरिया सेठ रवाना हुआ। श्याम शखा मंडल के सेटलर रामावतार, मंत्री मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने ध्वज पताका दिखाकर दल को रवाना किया। मंडल अध्यक्ष कांता शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा की पावन अवसर पर 41 सखियों का दल धार्मिक भ्रमण हेतु सांवरिया सेठ नाथ द्वारा चित्तौड़ के दर्शन करेगा। इस दल में संतोष शर्मा, राजू सोनी, उषा शर्मा, मंजू प्रजापत, सुनीता टेलर, मिताली शर्मा, कंचन स्वामी, सुनीता प्रजापत, अमिता स्वामी, कंचन सोनी आदि शामिल हैं।

# बुहाना अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### दवाइयों की कमी, निजी लैब भेजने और रैफर करने का लगाया आरोप

मधु दहिया



**बुहाना (नवयत्न)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कथित अव्यवस्थाओं के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में दवाइयों की कमी, मरीजों को निजी लैब में जांच के लिए भेजने, इलाज की बजाय रैफर करने और स्टाफ के व्यवहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिन में व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में कई जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं रहतीं। जांच की सुविधा होने के बावजूद मरीजों को निजी लैब में भेजा जाता है। उनका कहना है कि इससे गरीब मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बुहाना का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज का केंद्र बनने के बजाय रैफर अस्पताल बनकर रह गया है। अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद या बिना पर्याप्त इलाज के ही दूसरे अस्पतालों के लिए रैफर कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने हाल की एक घटना का भी जिक्र किया। उनका आरोप है कि सिर में चोट लगने वाले एक बच्चे के घाव की ठीक से सफाई किए बिना केवल पट्टी बांधकर उसे घर भेज दिया गया। इस घटना के बाद लोगों में अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकारी अस्पताल में मिलने वाली कई जांच और दवाइयों का लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सात दिन में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी। प्रदर्शन में प्रदीप सिंह, कृष्ण सिंह, धर्मेंद्र, संजय शर्मा, संजू कुमार, टिंकू सैन, रणविजय सिंह, मोहित, अशोक सिंह, दीपक सिंह, सचिन सिंह, पुनीत कुमार, शक्ति सिंह, जीतू सोनी, जयवीर सिंह, अजय सिंह, बलवीर सिंह और विक्की सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रेलर जब्त कर 45 टन बजरी की बरामद

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैलर को जब्त कर 45 टन बजरी बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने ट्रैलर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद ने बताया कि खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि खनन क्षेत्र से अवैध खनन कर ट्रैलर भरकर लाए जा रहे हैं। एसपी कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस ने मेहाड़ा से खेतड़ी की ओर आने वाली सड़क पर निजामपुर मोड़ चोटी के सामने नाकाबंदी कर खनन क्षेत्र से आ रहे वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बसई की ओर से आ रहे डंपरों को रूकवाकर तलाशी ली गई। इस दौरान एक ट्रैलर में अवैध रूप से लाई जा रही थी। पुलिस ने बजरी से भरे ट्रैलर को रूकवाया तथा ट्रैलर की तलाशी ली तो उसमें ऊपर तक खनन क्षेत्र से अवैध रूप से भरकर लाई गई बजरी भरी हुई थी। जिस पर पुलिस ने ड्राइवर ढाणी लगरिया वाली तन चिरानी निवासी विक्रम से पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर बजरी ले जाने के मामले में ट्रैलर को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस ने उसमें भरी 45 टन बजरी भी बरामद की है। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से खनन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से खनन व परिवहन करता पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद, एएसआई प्रदीप कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, अमित कुमार आदि शामिल थे।



## सम्पादकीय

# इथेनॉल पर सवाल




पेट्रोलियम पदार्थों के विदेशों से आयात पर देश की अत्यधिक निर्भरता हमेशा गंभीर चिंता का विषय रही है। खासकर, हालिया पश्चिम एशिया संकट के दौरान हॉर्मूज खाड़ी में कच्चे तेल व गैस टैंकरों की आवाजाही पर रोक ने स्थिति की गंभीरता को दर्शाया। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल को लेकर आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिये इसमें इथेनॉल मिलाने का विकल्प चुना। लेकिन आज इसके साइड इफेक्ट को लेकर देश में चिंता बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि इससे वाहनों की माइलेज कम हुई है। कुछ की आशंका है कि गाड़ियों के रखरखाव की लागत बढ़ी है। दरअसल, इसकी वजह इथेनॉल के उपयोग को लेकर किसी प्रामाणिक अध्ययन का सामने न आना भी रहा है। ऐसे में अब जब केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि उसने अभी तक ऐसा कोई आकलन नहीं किया है, जिससे पता चल सके कि देश में कितने वाहन ई-20 यानी अस्सी प्रतिशत पेट्रोल व बीस प्रतिशत इथेनॉल के अनुकूल हैं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। इससे यह बात साबित होती है कि देश के हरित ऊर्जा के लक्ष्यों और जमीनी स्तर की तैयारियों के बीच कितना अंतर है। ऐसे में वाहनों की प्रामाणिक गिनती या सर्वे के बिना देशव्यापी बदलाव के सफल होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? निस्संदेह ई-20 को बढ़ावा देने का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन घटाना और भारत की बायोफ्यूल वाली अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाना है। वहीं सरकार का कहना है कि बड़े पैमाने पर हुए अध्ययनों और फील्ड ट्रायल में यह वैकल्पिक ईंधन निर्धारित मानकों के तहत प्रयोग के लिये सुरक्षित पाया गया है। निस्संदेह, नियंत्रित स्थिति में हुए वैज्ञानिक परीक्षणों के परिणाम सकारात्मक हो सकते हैं। लेकिन जब लाखों वाहन चालकों को प्रभावित करने वाली किसी नीति का क्रियान्वयन किया जाता है तो जनता का विश्वास हासिल करने के लिये प्रामाणिक डेटा की भी जरूरत होती है।

बहरहाल, संसद में सरकार की स्वीकारोक्ति से इस नीति को लेकर विरोधाभास तो उजागर होता ही है। सरकार का दावा है कि पिछले कुछ सालों से बीस करोड़ दुपहिया वाहनों और तीन करोड़ से ज्यादा पेट्रोल से चलने वाली कारों में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकारी दलील है कि इसके बावजूद कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। हालांकि, सरकार की ओर से यह जानकारी नहीं दी गई है कि जिन वाहनों को लेकर वह दावा कर रही है, उसमें कितने वाहन ई-20 के लिये डिजाइन या प्रमाणित थे। ऐसी किसी बुनियादी जानकारी के बिना, सुरक्षा और परफॉर्मेंस के बारे में दिए गए भरोसे के शब्द शायद ही लोगों को विश्वास दिला पाएं कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल उनके लिये लाभकारी है। हाल के दिनों में पूरे देश से इथेनॉल के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रियाएं नजर आ रही हैं। मुद्दा सार्वजनिक विमर्श का विषय बना हुआ है।

## विशेष आलेख

# परीक्षा के साथ शिक्षा में भी हो सुधार



मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट में एक लाख से अधिक स्थानों के लिए 22 लाख से अधिक छात्र बैठते हैं। यह चीनी यूनिवर्सिटियों में प्रवेश दिलाने वाली गाओकाओ परीक्षा के बाद दुनिया की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है। पेपर लीक होने और परीक्षा रद होने से छात्रों की की मेहनत और लाखों की कोचिंग पर पानी फिर जाता है। नीट जैसी लीक गाओकाओ में नहीं हो सकती, क्योंकि पेपर सेट करने वालों का संपर्क काटकर उन्हें परीक्षा शुरू होने तक गुप्त स्थानों पर रखा जाता है और पेपर कड़ी सुरक्षा के साथ सेना की गाड़ियों में परीक्षा केंद्रों तक भेजे जाते हैं।

हालांकि भारत में भी इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं से लेकर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के बिना संपन्न होती हैं, परंतु नीट में इसकी शुरुआत से ही गड़बड़ियां होती रही है। सीबीएसई और नेट जैसी परीक्षाओं में तो पेपर लीक के अलावा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी गड़बड़ी के मामले सामने आए। गड़बड़ियां केंद्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए की परीक्षाओं में ही नहीं, बल्कि राज्य एजेंसियों की परीक्षाओं में भी हो रही हैं। इसलिए प्रवेश और भर्तियों की प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सीमित होते स्थान और फैलते कदाचार को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर एक ऐसी रणनीति बनाने की आवश्यकता है, जो परीक्षाओं की विश्वसनीयता बहाल कर सके। प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए सुनिश्चित करना होगा कि पेपर सेट करने वाले सुयोग्य और सत्यनिष्ठा संपन्न हों। कोचिंग उद्योग के साथ उनका कोई संबंध न हो।

पेपर सेट होने के बाद से परीक्षा होने तक वे कड़ी निगरानी में रहें और पेपर बनने से लेकर वितरण तक का काम संघ लोक सेवा आयोग जैसी किसी विश्वसनीय एजेंसी के हाथों में रहे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के तथ्यात्मक ज्ञान की परख करने की जगह अब उनकी समाधान बुद्धि और मौलिक विचारशक्ति को अधिक परखने की जरूरत है। इससे एक तो इन परीक्षाओं पर कोचिंग उद्योग का शिकंजा ढीला पड़ेगा। दूसरे चयन ऐसे प्रत्याशियों का होगा, जो एआइ के तेज विकास के कारण रोजगारों के बदलते स्वरूप के साथ भी बड़ी आसानी से सामंजस्य बिठा सकेंगे।

एआई के बारे पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ हुई बातचीत में एलन मस्क ने कहा था, हमने इतिहास की सबसे विघटनकारी शक्ति पैदा कर ली है। ऐसा कोई काम नहीं बचेगा, जिसे यह न कर सके। अब हमें सोचना होगा कि हम क्या करना चाहते हैं? अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि एआइ का असर दुनिया की करीब 40 प्रतिशत नौकरियों पर हो सकता है। सहायक, सचिव, सलाहकार, विश्लेषक, सर्वेक्षक, कोडर, डिजाइनर और अनुवादक जैसे काम एआइ से कराए जा सकेंगे। नए कौशल सीखने में तत्पर, समाधान बुद्धि रखने वाले, समीक्षात्मक चिंतन और रचनात्मक स्वभाव वाले लोगों की मांग बढ़ेगी।

भारत में हर साल लगभग एक करोड़ छात्र स्नातक बनते हैं, जिनमें 17 लाख से अधिक इंजीनियर, एमबीए और डाक्टर होते हैं। हालांकि व्यावसायिक और औद्योगिक कौशल नहीं होने के कारण चार में से केवल एक एमबीए, पांच में से एक इंजीनियर और हर दस में से एक स्नातक ही काम पर लगाने लायक होता है। यह ऐसा टाइम बम है, जो भारत का वरदान समझी जाने वाली युवा शक्ति को अभिशाप में बदल सकता है। इसे अभिशाप में बदलने से रोकने के लिए शिक्षा प्रणाली में उद्योगों और कारोबारों की मांग के हिसाब से आमूल और निरंतर सुधार करने की आवश्यकता है। 2020 से लागू हुई शिक्षा नीति में खेलकूद और बुनियादी कौशल को पाठ्यक्रमों में जोड़कर सुधार के कुछ प्रयास किए गए हैं। परीक्षा प्रणाली को भी तार्किकता और समझ आधारित बनाने की कोशिश की गई है, परंतु वह पर्याप्त नहीं है। भारतीय शिक्षा श्रम के प्रति हीन भावना पैदा करती है। यही उसकी मूल समस्या है। वह छात्रों को रोजगार के लिए नहीं, बाबूशाही और अफसरशाही के लिए तैयार करती है। इसीलिए काम-धंधों के संदर्भ में पकौड़े या चाय बेचने वाले की मिसाल का भी मजाक उड़ाया जाता है। गांधी जी इसे समझते थे। इसलिए %नई तालीम% में उन्होंने कौशल केंद्रित शिक्षा को अनिवार्य बताया था। वही शिक्षा प्रणाली एआइ की चुनौतियों का असली समाधान बन सकती है। इसका प्रमाण जर्मनी की शिक्षा प्रणाली में देखा जा सकता है, जहां किताबी शिक्षा के साथ-साथ कामकाजी और प्रायोगिक शिक्षा का अनूठा संगम है।

छात्रों के लिए सातवीं कक्षा से ही कई विकल्प खुल जाते हैं। मसलन वे उच्च अकादमिक संस्थानों के लिए तैयार करने वाले विशिष्ट माध्यमिक स्कूलों में जा सकते हैं, जहां प्रवेश के लिए परीक्षा देनी होती है या सामान्य माध्यमिक स्कूलों में जा सकते हैं, जहां किताबी के साथ-साथ कामकाजी शिक्षा के तमाम विकल्प होते हैं या फिर सीधे कामकाजी स्कूल में या फिर तकनीकी स्कूल में जा सकते हैं, जहां उन्हें रुचि और प्रतिभा के आधार पर विभिन्न काम-धंधों, पेशों और व्यवसायों की शिक्षा दी जाती है। इसे दोहरी शिक्षा प्रणाली कहा जाता है, क्योंकि यह किताबी शिक्षा को काम के प्रशिक्षण के साथ मिलाकर चलती है। कामकाजी प्रशिक्षण के लिए हर जिले के उद्योग-धंधों को स्कूलों के साथ जोड़ा गया है, जिससे स्नातकों को अधुनातन कौशल सीखने को मिलते हैं, जिनकी उद्योग-धंधों को जरूरत होती है।

छात्रों को काम सीखने के साथ-साथ उसका पैसा भी मिलता है और पढ़ाई के बाद काम मिलने की संभावना भी बढ़ती है। इस प्रणाली की सबसे अच्छी बात यह है कि छात्रों और समाज में भारत की तरह काम-धंधों के प्रति हीन भावना नहीं है। नाई या बढ़ई के पेशे का भी वही सम्मान है, जो फैशन डिजाइनर या दंत चिकित्सक का है। यही वजह है कि जर्मनी में बेरोजगारी की दर सबसे कम है। भारत को भी ऐसी ही शिक्षा प्रणाली की जरूरत है। दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा सुधारों पर गंभीर चर्चा करने की जगह हमारी संसद में खाली शोर मचता है, जो देश की युवा पीढ़ी के मातम की तरह है।

## स्वास्थ्य समाचार

# इंसुलिन प्रतिरोध होने पर शरीर में नजर आते हैं यह लक्षण, न करें नजरअंदाज

हेल्दी डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल ही आपको बीमारियों से दूर रहने में मदद कर सकती हैं। कुछ समस्याएं अनहेल्दी डाइट के कारण ही पैदा होती हैं, जिनमें डायबिटीज की समस्या शामिल है। अगर आपमें इंसुलिन का बैलेंस बिगड़ जाता है, तो इससे आपको डायबिटीज हो सकती है। इस समस्या में शामिल है इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या। इंसुलिन प्रतिरोध तब होता है, जब हमारे शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति सही प्रकार प्रतिक्रिया नहीं करती हैं। इसके कारण ग्लूकोज कोशिकाओं के बजाय खून में प्रवेश करने लगता है।



### कमर का साइज बढ़ना

ग्लूकोज शरीर में चर्बी बढ़ने या घटने पर भी असर डाल सकता है। शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध होने पर आपका वेस्ट साइज यानी कमर का साइज बढ़ने लगेगा। ऐसे में जरूरी नहीं कि आप ओवरवेट की केटेगरी में आ रहे हो। अगर आपको वजन में अंतर नहीं दिख रहा है, लेकिन वेस्ट साइज में फर्क है, तो आपको जल्द से जल्द चेकअप कराना चाहिए।

### अक्सर थकावट महसूस करना

अगर आपको पर्याप्त आराम लेने के बावजूद भी दिनभर थकावट रहती है, तो यह इंसुलिन प्रतिरोध होने का लक्षण भी हो सकता है। ऐसे में आपको ज्यादातर समय सुस्ती और कमजोरी महसूस होती है।

### हाई ब्लड प्रेशर रहना

अगर आपको अक्सर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, तो यह इंसुलिन प्रतिरोध का कारण हो सकता है। ऐसे में हार्मोन में बदलाव आने पर खून में ग्लूकोज बढ़ने लगता है, जो हाई ब्लड प्रेशर रहने का कारण भी बन सकता है।

### पीसीओएस की समस्या होना

हार्मोन में बदलाव आने के कारण पीसीओएस की समस्या हो सकती है। इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या पीसीओएस से भी जुड़ी हो सकती है। ऐसे में पीरियड्स अनियमित होना या चेहरे पर बाल आने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

### त्वचा में बदलाव आना

शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध होने पर त्वचा में भी बदलाव नजर आता है। ऐसे में आपको गर्दन और बगल में डार्क स्पॉट्स नजर आने लगेंगे।

### अनहेल्दी लाइफस्टाइल

अगर आप जंक और प्रोस्टेट फूड ज्यादा खाते हैं और फिजिकल वर्कआउट बिल्कुल भी नहीं करते हैं, तो आपको इंसुलिन प्रतिरोध की समस्या हो सकती है।

### कार्बोहाइड्रेट ज्यादा लेना

अगर आप डाइट में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा लेते हैं, तो इसके कारण भी ग्लूकोज की मात्रा बढ़ सकती है, जो इंसुलिन प्रतिरोध का कारण हो सकता है।

### जेनेटिक होना

अगर आपके परिवार में से किसी को डायबिटीज है, तो आपको भी इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा हो सकता है। ऐसे में लक्षण नजर आने पर चेकअप कराना जरूरी है।

# काम करने पर जल्द होने लगती है थकान तो जरूर करें यह योगासन

अधिकतर लोग मेहनत का काम करने में जल्दी थक जाते हैं और उनकी सांस फूलने लगती है। तो वहीं कई लोग काम करते-करते जल्दी थक जाते हैं। इसका सीधा मतलब होता है कि उस व्यक्ति का स्टेमिना काफी कमजोर है। आपको बता दें कि शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए आपका स्टेमिना का अच्छा होना काफी ज्यादा जरूरी है। हांलाकि बहुत से लोग दवाइयां, कैप्सूल्स और पाउडर का सेवन स्टेमिना को मजबूत करने के लिए करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन चीजों के कई साइड इफेक्ट्स भी होते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से अपना स्टेमिना बढ़ाना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ योगासन भी कर सकते हैं। योगासन से ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। वहीं इन योगासन को करने से आपका स्टेमिना भी स्ट्रांग होता है।



### नवासना (नाव मुद्रा)

- इस आसन को करने से घुटनों के बल फर्श पर बैठें और अपने हाथों को बगल में रखें।
- फिर धीरे-धीरे बाहर और अंदर सांस लें।
- इस दौरान आपके रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होनी चाहिए।
- अब आगे की तरफ झुकते हुए पैरों को जमीन से उठा लें।
- पिंडलियां फर्श के समांतर होनी चाहिए।
- इसके बाद हाथों को उठाकर आगे की तरफ लाएं।
- फिर पैरों की उंगलियों को देखें और खुद को आराम दें।
- 5 सेकेंड के लिए इस स्थिति में रहें और फिर खुद को रिलीज करें।
- इसके बाद फिर इस स्थिति को दोहराएं।

### हनुमानासन

- यह योगासन लोगों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस आसन को करने से शरीर में रक्त प्रवाह बढ़ता है।
- इस आसन को करने से लिए बाएं घुटने के बल बैठ जाएं।
- फिर बाएं घुटने के सामने दाएं पंजे को 30 सेंटीमीटर की दूरी पर रखें।
- दाएं पंजे के दोनों ओर हथेलियों को जमीन पर रखें।
- इसके बाद दाएं पंजे को धीरे-धीरे आगे बढ़ाएं और हाथों से शरीर के भार को संभालें।
- अब दांए पंजे को आगे तरफ और बाएं पंजे को पीछे की तरफ ले जाते हुए अपने पैरों को सीधा रखें।
- फिर दोनों पैरों और कूल्हों को एक सीध में जमीन पर रखें।
- इस दौरान अपनी आंखें बंद कर लें और शरीर को आराम दें।
- अब हाथों को जोड़ते हुए पीछे की तरफ लाएं।
- कुछ सेकेंड रुकने के बाद इस प्रक्रिया को फिर से दोहराएं।
- आप इस आसन को दिन में पांच बार तक कर सकते हैं।

### सेतु बंधासन

- इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर और पैरों को जमीन पर रखें। फिर पीठ के बल लेट जाएं।
- इस दौरान आपकी बाहें शरीर के किनारों पर टिकी हों और हथेलियों को नीचे की तरफ रखें।
- अब पैरों को फर्श में दबाएं और गहरी सांस लेते हुए कूल्हों को ऊपर की तरफ उठाएं। फिर अपनी रीढ़ को फर्श से ऊपर की तरफ उठाएं।
- फिर सीने को ऊपर उठाने के लिए कंधों और बाहों को जमीन पर दबाएं।
- कूल्हों को ऊंचा उठाने के लिए पैरों और नितंबो को जोड़ने का प्रयास करें।
- थोड़ी देर तक इसी स्थिति में रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

### बालासन

- इस आसन को चाइल्ड पोज भी कहा जाता है। इस दौरान सबसे पहले घुटनों के बल बैठ जाएं।
- इसके बाद पैर की उंगलियों को एक साथ रखें साथ ही घुटनों को एक दूसरे से अलग रखें।
- फिर सांस लेते हुए अपने धड़ को आगे की तरफ ले जाएं। फिर अपने जांघों पर पेट को टिकाएं।

# बासी मुंह करेंगे पांच पत्तों का सेवन, तो हमेशा रहेंगे तंदुरुस्त

अक्सर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी के साथ करते हैं, जबकि सेहत के लिहाज से ऐसा करना नुकसानदायक है। वहीं हम सब यह भी जानते हैं कि दिन की शुरुआत गर्म पानी या नट्स के साथ करना चाहिए। लेकिन इसके अलावा भी कुछ पौधों की पत्तियां हैं जिनका सेवन अगर सुबह खाली पेट किया जाए तो काफी फायदेमंद हो सकता है।



### नीम लीव्स

नीम स्वाद में कड़वा जरूर होता है लेकिन उससे कहीं ज्यादा असरदार होता है। जी हां, नीम में बायो एक्टिव कंपाउंड होते हैं जो एंटी इन्फ्लेमेटरी, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण प्रदर्शित करते हैं। ये आपके ब्लड को शुद्ध करता है जिससे स्किन से जुड़ी समस्याएं कोसों दूर हो सकती है।

### करी लीव्स

एक्सपर्ट के मुताबिक इसका सेवन कम मात्रा में करके हजार फायदे पाए जा सकते हैं। इसके सेवन से बीपी और कोलेस्ट्रॉल को मैनेज किया जा सकता है। दरअसल इसमें एंटीऑक्सीडेंट काफी रिच मात्रा में होता है जो बीपी मैनेज करने के साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद कर सकता है।

### अजवाइन की पत्तियां

अजवाइन की पत्तियों का सेवन करने से डाइजेशन से जुड़ी समस्या को आप अलविदा कह सकते हैं। इससे ब्लोटिंग की समस्या जादू की तरह गायब हो जाती है। दरअसल इसमें कुछ एक्टिव एंजाइम होते हैं जो डाइजेस्टिव सिस्टम के फंक्शनिंग को बढ़ाते हैं। इससे सूजन और अपच की समस्या से राहत मिलती है।

### तुलसी की पत्तियां

तुलसी अपने एडेप्टोजेनिक गुणों के लिए जानी जाती है, जो शरीर को तनाव के अनुकूल बनाने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करती है। रोजाना खाली पेट इसका सेवन करते हैं तो आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है और बीमारियों की चपेट में आने का खतरा काफी कम हो जाता।

## आज का राशिफल

### मेष
आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

### वृष
यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### मिथुन
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे।

### सिंह
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

### कन्या
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

### तुला
जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा।

### वृश्चिक
स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।

### धनु
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

### मकर
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा।

### कुंभ
विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

### मीन
संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

# शिविर में हुई 105 की जांच, 35 के होंगे लेंस प्रत्यारोपित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ निवासी बेंगलुरू प्रवासी कमलेश भरत डूंगरवाल के सौजन्य से द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से बुधवार को नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी ललित सोनी ने बताया कि उक्त शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 105 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतिया बिंद के ऑपरेशन लायक 35 रोगियों का चयन किया गया। चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में किए जायेंगे। जांच के पश्चात रोगियों नि:शुल्क दवा दी गई। द यंग्स कल्ब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित हुए शिविर का विधिवत शुभारंभ समाजसेवी गजानंद जांगिड़, ईश्वरसिंह चौधरी, नोपाराम मंडा व मुन्नालाल प्रजापत द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि बिमल भूतोड़िया, गिरधर शर्मा, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, मूलचंद तिवाड़ी, सुशील भूतोड़िया, कुणाल सोनी, मालचंद प्रजापत, गोपाल सोनी का सहयोग रहा।

# भारतीय संस्कृति और लॉयंस क्लब जयपुर डायमंड के आतिथ्य से रूबरू हुए विदेशी युवा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पहुंचे विदेशी प्रतिभागियों ने लॉयंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 321 के इंटरनेशनल यूथ कैंप एंड एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भारतीय संस्कृति, परंपराओं और लॉयंस क्लब जयपुर डायमंड की शानदार मेज़बानी हॉस्पिटैलिटी का अनुभव किया। लॉयंस क्लब जयपुर डायमंड की अध्यक्ष प्रीती सक्सैना ने बताया कि इस प्रोग्राम में 5 देशों नीदरलैंड, तुर्की, इटली, ब्राजील और स्विट्जरलैंड से आए प्रतिभागियों स्टेइन वार्ट नीदरलैंड्स, एमरे फेरिक व कैन सेंकायिर तुर्की, एलेओनोरा एकर इटली, इसाडोरा सिल्वा ब्राजील और नैलाह पुल्वर स्विट्जरलैंड के साथ रचित, वैष्णवी और महक ने भी भाग लिया और भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए मेहमानों का मार्गदर्शन किया। आयोजन में सचिव एम.एम. पालीवाल, पीडीजी आलोक अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन दीपक शर्मा, संस्थापक सदस्य सुधीर जैन, अजय अग्रवाल, तेजेन्द्र गर्ग और विनय पाराशर उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन, संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन और उत्कृष्ट हॉस्पिटैलिटी के लिए अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम को सम्मान-पत्र देकर धन्यवाद दिया। पत्र में सराहना करते हुए उन्होंने लिखा कि लॉयंस क्लब जयपुर डायमंड की टीम ने विदेशी मेहमानों का दिल से स्वागत किया और पूरे प्रवास के दौरान उनका विशेष ध्यान रखा। इससे प्रतिभागियों को भारतीय संस्कृति, रीति-रिवाजों और पारिवारिक मूल्यों को करीब से जानने व समझने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागी भारत से अपने साथ अविस्मरणीय यादें और नई दोस्त लेकर लौटेंगे।

# राजस्थान गौरव सम्मान समारोह में 31 विभूतियों का होगा सम्मान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** संस्कृति युवा संस्था की ओर से 31वां राजस्थान गौरव सम्मान समारोह गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों की 31 लब्ध-प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को श्राजस्थान गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि सम्मान समारोह में साहित्य, कला, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, समाज सेवा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 31 विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं दुपट्टा भेंट कर श्राजस्थान गौरव अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े होंगे। कार्यक्रम गुरुवार शाम 4 बजे होटल आईटीसी राजपूताना शेरेटन, स्टेशन रोड, जयपुर में आयोजित होगा।

# गुरु पूर्णिमा पर मुकाम धाम पहुंचे बोर्ड अध्यक्ष सुथार, लिया संत आशीर्वाद

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नोखा स्थित मुकाम धाम पहुंचकर मुकाम पीठाधीश्वर पूज्य रामानंद महाराज के सान्निध्य में दर्शन किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामगोपाल सुथार ने कहा कि गुरु का आशीर्वाद जीवन को सत्य सेवाए संस्कार और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। और गुरु ही व्यक्ति के जीवन को ज्ञान, विवेक तथा आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करते हैं। उन्होंने पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे संजोकर रखना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। मुकाम धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मागु सिंह राठौड़, सुरेश बिश्नोई, नवरतन राजपुरोहित, भरत सुथार, लालचंद तथा हनुमान बिश्नोई भी उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के सौजन्य से गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार को गांव भलाऊ में 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमे ग्राम वासियों ने उत्साह से भाग लिया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने पंडित राम शर्मा का युग निर्माण संदेश देनेए भारतीय संस्कृति की पुन: स्थापना करने, बच्चों को संस्कारवान बनाने व युवा पीढी को नशे से बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर धनपत जागिड़, ओम पारीक, रमेश शर्मा, सरिता शर्मा, कृष्णा जागिड़, नौरंग कस्वा, कैप्टन बलवी, दरिया सिंह, भानी देवी आदि अनेक ग्रामीण मौजूद थे।





# बारिश के लिए की भोमियाजी महाराज से प्रार्थना

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** क्षेत्र में अच्छी बरसात और धन धान्य के लिए भोमियाजी महाराज के मांडेता स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर अरदास की गई है। निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक के नेतृत्व में भोमियाजी महाराज को धोक लगाकर सुजानगढ़ शहर सहित पूरे देश और प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना की गई। इस दौरान भंवर लाल बिजारणिया, रामू पूनिया, राजकुमार मावलिया, श्रीराम लांबा, हीरालाल ढाका, अनिल बागड़ा, गोपाल बागड़ा, सुरेश पारीक, रामकुमार जानू, प्रेमसुख बागड़ा, राजकुमार डूकिया, जुगल महाराज, राजेश बिनावरा, सौरव पारीक, रघुवीर सैनी, नीरज भार्गव, राजू भाटी, गोपाल दाधीच आदि लोग भी पूजा में शामिल हुए और बारिश के लिए प्रार्थना की।

# गुरु पूर्णिमा पर राजस्थानी लहरिया वेशभूषा में सजे मोती डूंगरी गणेश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेश का विशेष राजस्थानी लहरिया श्रृंगार किया गया। भगवान गणेश को पारंपरिक लहरिया पोशाक और साफा धारण कराकर आकर्षक फूल बंगले में विराजमान कराया गया। भगवान के साथ रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और मूषकराज को भी लहरिया परिधान पहना, गए, जिससे पूरा गणेश दरबार राजस्थानी रंगों में सजा नजर आया। मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तैयार कराई गई यह विशेष लहरिया पोशाक पूरे सावन मास में प्रत्येक बुधवार और रविवार को भगवान को धारण कराई जाएगी। लहरिया वस्त्रों पर बारीक जरी और आरी-तारी की कारीगरी की गई है तथा भगवान के लिए विशेष लहरिया साफा भी तैयार कराया गया है। उन्होंने बताया कि भगवान की एक पोशाक तैयार करने में करीब 30 मीटर कपड़ा और 30 मीटर अस्तर, यानी कुल 60 मीटर वस्त्र का उपयोग किया गया है। इस वर्ष मंदिर ट्रस्ट ने भगवान गणेश के लिए चार विशेष लहरिया पोशाकें तैयार करवाई हैं, जिन्हें अलग-अलग अवसरों पर धारण कराया जाएगा। महंत ने कहा कि लहरिया राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान और लोक परंपरा का प्रतीक है। सावन में भगवान को लहरिया परिधान धारण कराकर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को मंदिर परंपरा से जोड़ा गया है। उन्होंने कामना की कि भगवान गणेश की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे और सावन का पावन महीना सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल लेकर आए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विशेष श्रृंगार के दर्शन कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं को पत्र-पुष्प और प्रसाद वितरित किया गया।

# समाजसेवी राजोरिया द्वारा वाटर कूलर भेंट



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पकौड़ी की ढाणी में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए समाजसेवी तेजपाल राजोरिया बड़ागांव हाल निवासी किशनगढ़ द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। वाटर कूलर का लोकार्पण पूर्व पंचायत समिति सदस्य लालचंद सैनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दानदाता तेजपाल राजोरिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लालचंद सैनी ने कहा कि विद्यालय में वाटर कूलर की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब विद्यार्थियों को वर्षभर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे विशेषकर गर्मी के मौसम में उन्हें काफी राहत मिलेगी। उन्होंने समाजसेवी तेजपाल राजोरिया के इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सहयोगी कार्य अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में सुरेश राजोरिया, सुशील राजोरिया, मूलचंद सैनी, गोपाल सैनी, शिवलाल सैनी, मीरा, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामावतार चावला ने किया। अंत में विद्यालय परिवार ने दानदाता तेजपाल राजोरिया का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वैदिक यज्ञ व गुरुवंदन कार्यक्रम आयोजित

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, नवीन तारानगर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुरूप यज्ञ एवं गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य अरविंद योगाचार्य, जयप्रकाश स्वामी, किस्तूरीचंद मोठसरा तथा रामकुमार प्रजापत ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। शिक्षकों, अभिभावकों विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुति देकर राष्ट्र, समाज एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसीबीईओ संजय शर्मा, आरपी भोजराज दाधीच व प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार जांगिड़ ने राज्य सरकार की पहल के अंतर्गत विद्यालय में रीडिंग कैंपेन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया तथा सभी ने अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया।



# सुमित सैनी ने नीट 2026 उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो सफलता अवश्य मिलती है। इस बात को अलीपुर ग्राम पंचायत के मेघसागर गांव निवासी राजेन्द्र सैनी के पुत्र सुमित सैनी ने नीट 2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर सिद्ध कर दिया है। सुमित ने सीकर स्थित मैट्रिक्स कोचिंग संस्थान से नीट परीक्षा की तैयारी की थी। साधारण ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े सुमित सैनी ने निरंतर कठिन परिश्रम, अनुशासित दिनचर्या और लगन के बल पर डॉक्टर बनने की दिशा में अपनी पहली महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से मेघसागर गांव सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। सुमित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों, गुरुजनों तथा शुभचिंतकों के मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का विश्वास और शिक्षकों का सानिध्य ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी प्रेरणा रहा। सुमित की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिजनों, ग्रामीणों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सुमित भविष्य में एक कुशल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनकर अपने परिवार, गांव, समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर किया पौधरोपण



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** गढ़ के श्री सजना शक्ति मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर संत कुंभभारती महाराज व पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में मंदिर व गौशाला परिसर में पौधा रोपण अभियान में 201 पौधों का रोपण व उनकी सुरक्षा की गई ।गत वर्ष के लगाए हुए पौधे भी आज वृक्षों का रूप ले रहे हैं । मंदिर कमेटी के प्रमुख पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष मुरलीधर सारस्वत ने बताया कि पौधा रोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी समुचित व्यवस्था की गयी हैं। ताकि आने वाले समय में यह पूरा परिसर हरियाली से आच्छादित हो। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रात:काल से सायं तक भगवत भजन, संत कुंभभारती महाराज का गुरु शिष्य पूजन, सामूहिक मंगलपाठ, परिसर में वैदिक मंत्रों से हवन, संत प्रवचन व भजन तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य शिवकरण सारस्वत ने गुरु पूजन के लिए दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के स्वागत एबैठने, पेयजल, प्रसाद वितरण, वृक्षारोपण आदि व्यवस्थाओं में इस दिव्य अनुष्ठान के सहभागी बन सहयोग किया। समाजसेवी गोविन्दराम ओझा ने कहा कि यह सभी कार्यक्रम सजना शक्ति दादी की असीम कृपा गुरुजी के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर रामनारायण सारस्वत, गौरीशंकर सारस्वत, सीताराम सारस्वत, ओम सारस्वत, हनुमानप्रसाद सारस्वत नूवा, सहदेव चारण अबोहर, सेवानिवृत अधिकारी जयपाल जसु, रामलाल ओझा, अर्जुनराम मोट आदि गणमान्यजन उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर देहशोषण करने वाला गिरफ्तार

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** पुलिस थाना चिड़ावा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर देहशोषण करने के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे थाना स्तरीय टॉप-टेन वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, थानाधिकारी लक्ष्मी चंद वर्मा के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास सेही कला, थाना सूरजगढ़ को गिरफ्तार किया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि चिड़ावा में मजदूरी के दौरान उसकी मुलाकात विकास नामक युवक से हुई। आरोपी ने शादी का झूठा वादा कर उसे अपने साथ रखा और करीब चार वर्षों तक उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए गए। आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित कर उसे थाना स्तर की टॉप-टेन वांछित सूची में शामिल किया गया। 28 जुलाई 2026 को आसूचना के आधार पर टीम ने कस्बा चिड़ावा से आरोपी को डिटेन कर बाद में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फरारी के दौरान वह ट्रक व बस चालक के रूप में जयपुर, अहमदाबाद, गुजरात और चंडीगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर रहकर छिपता रहा।

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का किया सम्मान



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजलदेसर कस्बे में शिक्षाविद लालचंद प्रजापत की ओर से अपने जीवन में शिक्षा देने वाले गुरुजनों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व गायत्री परिवार के सानिध्य में हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना संपन्न हुई। समारोह में शिक्षाविद दुर्गादत्त दाधीच एवं नरपत सिंह का विधि-विधान से अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्हें अभिनंदन पत्र, श्रीफल, सोल माला, साफा तथा श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लालचंद प्रजापत ने कहा कि गुरु ही वह शक्ति हैं। जो मनुष्य को अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपने गुरुजनों का सम्मान करना उनके लिए सौभाग्य और गौरव की बात है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के ओमप्रकाश इंदौरिया, हनुमान सिंह, अनीता देवी प्रजापत, प्रीति प्रजापत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, हम कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर, गजेंद्र प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, सोहनलाल दाधीच, भीवाराम जाट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । समारोह के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत एवं हम कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर का भी अभिनंदन किया गया ।

# श्रद्धा-भक्ति से मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर एवं आश्रम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। आश्रम में रंग-बिरंगे फूलों एवं रोशनी से सजावट की गई। महंत चेतन नाथ महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर गुरु महिमा का गुणगान किया। महा आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी खिलाई गई।



**राज्य सरकार की ओर से महंत चेतन नाथ महाराज का सम्मान**-गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से चलाए गए गुरु वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता मनोहर सिंह जाखल ने प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ महंत चेतन नाथ महाराज का अभिनंदन पत्र भेंट कर माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर भवानी शंकर शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी, विशंभर पूनिया, मनीष शर्मा, नरेंद्र पूनिया, सुरेंद्र कुमावत, दिनेश, पुजारी सुभाष शर्मा, सतपाल सिंह शेखावत, राकेश जांगिड़, राजेंद्र प्रसाद भोड़कीवाला सहित बड़ी संख्या में सेवकगण मौजूद रहे।

# हर-हर महादेव...हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रावण मास शुरू



**श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र महीना है, जो 30 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान श्रद्धालु जलाभिषेक तथा पूजा-अर्चना करते हैं। सोमवती व्रत का खास महत्व है, और कांवड़ यात्रा से भक्तिमय माहौल बनता है। श्रावण प्राकृतिक संरक्षण और संयम का संदेश भी देता है।**

श्रावण मास आज से शुरू, शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव का जयघोष श्रावण भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र महीना समुद्र मंथन, जलाभिषेक, कांवड़ यात्रा और प्रकृति संरक्षण से जुड़ा है श्रावण का महत्व पावापुरी, निज संवाददाता।

### श्रावण मास का महत्व

सनातन धर्म में श्रावण मास को भगवान शिव की उपासना का सबसे पवित्र और पुण्यदायी महीना माना जाता है। इस वर्ष श्रावण मास की शुरुआत 30 जुलाई से हो रही है। पूरे माह शिवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। भक्त गंगाजल एवं पवित्र नदियों का जल चढ़ाकर जलाभिषेक करेंगे, वहीं बेलपत्र, धतूरा, आक, भांग, दूध, दही, शहद और गन्ने का रस अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन करेंगे। श्रद्धालु महामृत्युंजय मंत्र और शिव पंचाक्षरी मंत्र का जाप कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना करेंगे। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष होंगे। धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास में श्रद्धा और विधि-विधान से की गई शिव आराधना का विशेष फल प्राप्त होता है।

### समुद्र मंथन की कथा

पुराणों के अनुसार देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन के समय निकले हलाहल विष से समस्त सृष्टि संकट में पड़ गई थी। संसार की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उस विष का पान किया। माता पार्वती ने विष को उनके कंठ से नीचे नहीं उतरने दिया, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया और वे नीलकंठ कहलाए। मान्यता है कि विष की तपन को शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित है।

### जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का महत्व

श्रावण वर्षा ऋतु का महीना है। इस समय प्रकृति हरियाली से आच्छादित रहती है और नदियां जल से परिपूर्ण होती हैं। श्रद्धालु गंगा सहित विभिन्न पवित्र नदियों का जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। धर्मग्रंथों में श्रावण मास में रुद्राभिषेक को विशेष फलदायी बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि जलाभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों के कष्ट दूर करते हैं तथा सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।



**श्रावण के सोमवार का महत्व**-पंडित सूर्यमणि पांडेय ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व है। इन दिनों शिव मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का क्रम चलता है। अविवाहित युवतियां मनोवांछित वर की प्राप्ति तथा विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए सोमवार व्रत रखती हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे दिन उपवास कर भगवान शिव का पूजन करते हैं।

**कांवड़ यात्रा**-श्रावण मास के साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। लाखों शिवभक्त गंगा सहित विभिन्न पवित्र नदियों से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। संयम, सेवा और प्रकृति संरक्षण का देता है संदेश : आचार्य पप्पू पांडेय के अनुसार श्रावण मास केवल पूजा-पाठ का पर्व नहीं, बल्कि संयम, सात्विक जीवन, सेवा, जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी संदेश देता है।

### सावन में भूलकर भी न करें ये गलतियां

**1. नारियल पानी से अभिषेक**-नारियल के पानी को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसलिए सावन के दौरान भगवान शिव का अभिषेक नारियल के पानी से नहीं करना चाहिए।

**2. तामसिक भोजन का सेवन**-सावन के दिनों में भूलकर भी मास, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। सावन के महीने में तामसिक भोजन का सेवन करने से भगवान शिव नराज हो सकते हैं।

**3. सिंदूर**-सावन के दिनों में शिव जी की पूजा में कुमकुम या सिंदूर नहीं चढ़ाना चाहिए। भगवान शिव वैरागी माने जाते हैं, जबकि सिंधुर सौभाग्य का प्रतीक है। इसलिए कुमकुम या सिंदूर को शिवलिंग पर नहीं अर्पित करना चाहिए।

**4. टूटा चावल**-सावन के महीने में शिवलिंग पर टूटे हुए चावल बिल्कुल भी नहीं चढ़ाने चाहिए। धार्मिक मान्यता है इस दिन साफ-धुले हुए अक्षत के दाने ही पूजा में इस्तमल करने चाहिए।

**5. अपमान**-कोशिश करें की सावन के महीने में कठोर वाणी का उपयोग न करें। आप किसी का दिल न दुखाएं और वाद-विवाद से भी बचें। किसी का भी अपमान करने से बचें। आपको न ही किसी का मजाक उड़ाना चाहिए।

**6. तुलसी की पत्तियां**-कभी भी शिव पूजा के दौरान तुलसी की पत्तियां शिवलिंग पर नहीं चढ़ानी चाहिए। तुलसी जी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है।

## समुद्र मंथन से जुड़ा है श्रावण मास, सावन क्यों है शिवजी को इतना प्रिय, कैसे हुई उत्पत्ति...

**सावन का महीना शुरू होने में कुछ ही दिन शेष है. यह हिंदू धर्म का बेहद पावन महीना है. जिसे लेकर जगह-जगह मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. इस महीने महिलाएं सज धजकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है. यह तो सभी जानते हैं कि सावन शिव भक्तों के लिए एक पूजा साधना का महत्वपूर्ण पर्व है. लेकिन क्या कोई यह जानता है कि कैसे इस श्रावण मास की उत्पत्ति हुई. इसका शास्त्रों में क्या उल्लेख है. आज हम आपको इस विशेष पर्व की उत्पत्ति के विषय में बताने जा रहे हैं.**

इस साल 2026 में सावन श्रावण मास का पवित्र महीना 30 जुलाई से शुरू होने जा रहा है. जहां पहला सोमवार 3 अगस्त को पड़ रहा है. सनातन धर्म में इस पवित्र महीने को विशेष महत्व दिया गया है. इस पर्व का सालों से भक्तों को इंतजार रहता है. आस्था श्रद्धा से जुड़े इस पर्व में श्रद्धालु बड़े धूमधाम से भोले को जल अर्पण कर उनकी भक्ति लीन हो जाते हैं. इस महीने बारिश से प्रकृति भी हरी भरी हो जाती है.

### समुद्र मंथन से जुड़ी है कहानी

हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार, श्रावण मास की उत्पत्ति श्रवण नक्षत्र से है. श्रवण नक्षत्र पूर्णिमा के दिन पड़ता है, इसलिए इसे श्रावण मास कहते हैं. श्रावण मास में सबसे बड़ी विशेषता समुद्र मंथन को लेकर है. इसी समय देवताओं और राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन किया गया था, उस समय भी श्रावण मास था. इस मास में माता पार्वती ने शिवजी के लिए 108 वर्ष तक तपस्या की थी. इसलिए भी यह समय काफी विशेष रहा और इसको काफी महत्व दिया गया है. पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शिव ने अपने गले में धारण किया था, जिससे उनका नाम नीलकंठ पड़ा था.

आचार्य मोहित चतुर्वेदी बताते हैं कि, गोस्वामी तुलसीदास जी ने



रामचरितमानस के बालकांड में दोहे द्वारा श्रावण मास का उल्लेख किया है.

**बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास।**
**राम नाम बर बरन जुग सावन भादव मास॥**

रामायण के अनुसार, गोस्वामी तुलसीदास जी की कृति रामचरितमानस के बालकांड से ली गई इन पंक्तियों में राम नाम के दोनों अक्षरों (रा और म) का महिमामंडन किया गया है. यहां रा को सूर्य और म को चंद्रमा की तरह बताते हुए, इन दोनों की तुलना सावन-भादों के महीने से की गई है, जो भक्तों के जीवन में भक्ति और आनंद की वर्षा करते हैं.

**बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास।**
**राम नाम बर बरन जुग सावन भादव॥**

तुलसीदास जी के अनुसार, राम नाम के दो अक्षर सावन-भादों की तरह हैं जो भक्तों के हृदय में भक्ति की फसल की तरह हैं. सावन में शिव की विशेष कृपा साधना के लिए इन मंत्रों से पूजन अर्चन करने से विशेष फल की प्रति और मन को शांति मिलती है.

### तीन जन्मों के पापों का होता है नाश

त्रिदलं त्रिगुणाकारं बिल्वाष्टकम् स्तोत्र का प्रथम श्लोक है, जो भगवान शिव को तीन गुणों वाले बेलपत्र अर्पित करने की महिमा बताता है. यह श्लोक तीनों नेत्रों और त्रिशूल वाले महादेव को समर्पित है और तीन जन्मों के पापों का नाश करने वाला है.

### किस तारीख को पड़ेगा सोमवार

पहला सोमवार- 3 अगस्त
दूसरा सोमवार- 10 अगस्त
तीसरा सोमवार- 17 अगस्त
चौथा सोमवार- 24 अगस्त

### इसलिए शिवजी को प्रिय है सावन का महीना

**पौराणिक कथा के मुताबिक, माता सती ने अपने देह त्यागने से पहले शिवजी को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था. अगले जन्म में माता पार्वती ने सावन के महीने में ही निराहार रहकर कठोर व्रत किया और शिवजी को प्रसन्न कर उनसे विवाह किया था. इसलिए शिवजी को सावन का महीना अति प्रिय है. यही वजह है कि इस महीने में कुवारी कन्याएं मनचाहे वर के लिए यह व्रत रखती हैं. इसके अलावा सावन का महीना बारिश का होता है. इस समय प्रकृति हरी भरी हो जाती है. इसलिए भी भोलेनाथ को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है.**



## दिनदहाड़े लाठियों से पीटकर युवक की हत्या

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के मानसरोवर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। इनमें एक युवक पहले से एक मामले में वांछित बताया जा रहा है। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है, जबकि प्रारंभिक जांच में लूट के इरादे से वारदात किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

**न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय, झुंझुनू।**
**सिविल विधिक प्रकरण (उत्तराधिकार) संख्या:- 62/2026**
**1. सुनीता देवी पत्नी स्व. कमलेश कुमार उम्र 32 नांद तह. व जिला झुंझुनू (राज.) मो. 9828248866**
**2. मोनित उम्र 5 वर्ष पुत्र स्व. कमलेश कुमार नाबालिग संरक्षक जरिये माता सुनीता देवी पत्नी स्व. कमलेश कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी नांद तह. व जिला झुंझुनू (राज.) मो. 9828248866**

आवेदिकागण

बनाम

1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जरिये मनैजर निवासी डी-14 का इंदिरा नगर मंडावा मोड़ झुंझुनू
2. विमला देवी पत्नी जगदीश प्रसाद उम्र 60 वर्ष निवासी नांद तह. व जिला झुंझुनू (राज.)
3. हर आम व खास
4. जगदीश प्रसाद पुत्र खींवाराम उम्र 68 वर्ष निवासी नांद तह. व जिला झुंझुनू (राज.)

अनावेदकगण

आवेदन पत्र अ. धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925

महोदय,

उपरोक्त आवेदिका ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अ. धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदिका का पति कमलेश कुमार यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया में (CSA) के पद पर कार्यरत था जिनका देहांत 05.12.2025 को हृदय गति रुकने के कारण हो गया है मृतक कमलेश कुमार के खाता सं. 565181000080221 बैंक के द्वारा पेंशन कटोती के रुपये, ग्रेच्युटी, पी.एल छुट्टी के रुपये सर्विस के दोरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विभाग में कटोती होती थी उक्त जमा राशी को प्राप्त करने हेतु आवेदिका के हक़ में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की जरूरत है इसलिए हर आम व खास को सूचित किया जाता है की उक्त आवेदिका के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में किसी को कोई एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दिनांक 08-9-26 को उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा आवेदिका के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा व एतराज समाअत नहीं किए जावेंगे। आज दिनांक 28-7-26 को जारी किया गया है।

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
झुंझुनू (राज.)

**प्रत्यर्थी का सम्मन**
**न्यायालय-पारिवारिक न्यायालय, झुंझुनू (राज.)**
**वादी चन्दा कंवर विरूद्ध महेन्द्र सिंह**
याचिका बाबत- अ.धा. 13 : (क) (ख) हिन्दू विवाह अधिनियम
याचिका संख्या- 290/2025

**प्रेषित:-** महेन्द्रसिंह पुत्र मानसिंह निवासी बीकाजी फैक्ट्री के पीछे राजावत एनक्लेव कोलोनी करणी नगर बीकानेर हाल महाराणा प्रताप कॉलोनी भंवरजी की दुकान के सामने मकान नं. 4 बीकानेर जिला बीकानेर।

चन्दा कंवर ने आपके विरूद्ध याचिका बाबत अ.धा. 13 : (क) (ख) हिन्दू विवाह अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत की है। अत: आप दिनांक 14/08/2026 को प्रात: 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जवाब प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है, न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज तारीख 14/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय
झुंझुनू (राज.)

# एम्स जोधपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह में दीपेश मोदी को मिली एमबीबीएस की डिग्री

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस गरिमामय समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स जोधपुर के अध्यक्ष प्रो तेजस मधुसुदन पटेल ने की। वहीं कार्यकारी निदेशक प्रो गोवर्धन दत्त पूरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वर्ष 2020 बैच के मेधावी छात्र दीपेश मोदी को विधिवत एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई।

दीपेश की इस उपलब्धि पर उनके दादा-दादी पुरुषोत्तमलाल मोदी व रेशमी मोदी, माता-पिता विजय मोदी व ललिता मोदी तथा चाचा-चाची महेंद्र मोदी व बबिता मोदी सहित समस्त परिजनों एवं रिश्तेदारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश गाडिया, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक महामंत्री पूर्व प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, श्रीकांत हलवाई, महेश सर्राफ, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार बाछुका, राकेश बाछुका, अनिल रामभरोसा, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विष्णु चौधरी, शिक्षाविद् अनिल गुप्ता, लक्ष्मीकांत अड़ूकिया, राकेश वेद, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, कन्हैया लाठ, प्रकाश मोदी, राजेश वेद, मुरारी किठानिया, महेश मोदी, गणेश अग्रवाल, किशन गोयल, दिनेश झुंझुनूंवाला, रजनीकांत ककरानिया पिंटू, अमित सुशील गोयल, विजेंद्र गोयल दिलखुश, सौरभ-राहुल सुलतानिया, पूर्व सहवृत्त सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया, सीए महेश मोदी, प्रशांत पिचानवेवाला, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ा, पुनित मोदी, वैभव बगड़िया, नितिन केडिया आदि ने बधाई दी है। दीपेश, युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मोदी के भतीजे है।

## तेरापंथ स्थापना दिवस पर धर्मसभा आयोजित

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** युग प्रधान आचार्य महाश्रमण की विदुषी सुशिष्या साध्वी मानकुमारी के पावन सान्निध्य में 267वें तेरापंथ स्थापना दिवस एवं तप अभिनंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धर्मसभा के साथ 11 वर्षीय बाल तपस्वी ऋषि पुत्र जितेन्द्र बैद के 15 उपवास पूर्ण होने पर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी मानकुमारी ने कहा कि तेरापंथ धर्मसंघ के संस्थापक आचार्य भिक्षु का व्यक्तित्व विलक्षण था। उनके द्वारा स्थापित तेरापंथ धर्मसंघ एक गुरु, एक अनुशासन की विशेषता के कारण विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आज तेरापंथ जन.जन का पंथ बन चुका है। उन्होंने बाल तपस्वी ऋषि की तपस्या की सराहना करते हुए कहा कि मात्र 11 वर्ष की आयु में 15 उपवास करना अत्यंत प्रेरणादायी है। यह उनके दृढ़ मनोबल और आध्यात्मिक साधना का परिचायक है। उन्होंने बताया कि ऋषि इससे पूर्व अठाई, नौ एवं ग्यारह उपवास भी कर चुके हैं। साध्वी ने ऋषि की तपस्या की अनुमोदना करते हुए उनकी माता हेमा बैद को भी इस आध्यात्मिक संस्कार के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम में साध्वी कुशलप्रज्ञा, चैत्यप्रभा, कीर्तिरेखा एवं कमलयशा ने गीत एवं प्रेरक वक्तव्यों की प्रस्तुति दी। तेरापंथ महिला मंडल ने भी सामूहिक रूप से सुमधुर मंगल गीत प्रस्तुत कर तपस्या की अनुमोदना की। बाल तपस्वी ऋषि के अभिनंदन अवसर पर परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हेमा बैद, नेहा बैद, मैत्री, हितांक्षी, छवि बैंगानी, निशांत, शशि जैन सहित अन्य परिजनों ने तपस्या की अनुमोदना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष राजकुमार विनायक, महिला मंडल मंत्री मोनिका बैद तथा मंजु देवी बाफना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तेरापंथ सभा एवं महिला मंडल की ओर से बाल तपस्वी ऋषि का मोमेंटो एवं धार्मिक साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन साध्वी इन्दुयशा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

## गुरु पूर्णिमा पर रुद्राभिषेक एवं संत समागम



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भोला बाबा बगीची आश्रम में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्करनाथ महाराज के शिष्य महंत सोमनाथ महाराज एवं संत सुरजीतनाथ महाराज के सानिध्य में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत नापासर के पंडित केदार जोशी के सानिध्य में भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। शिवालय के पुजारी रामचंद्र महेश शर्मा ने पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन कराया। इस अवसर पर महंत सोमनाथ महाराज ने कहा कि प्रत्येक हिंदू परिवार को अपने घर में गौ सेवा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय बचेगी तो देश बचेगा इसलिए गौ संरक्षण और भगवान के निरंतर स्मरण का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को लेना चाहिए। संत सुरजीतनाथ महाराज ने अपने प्रवचन में गुरु, माता-पिता एवं बुजुर्गों के सम्मान का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में संस्कार, सेवा और सदाचार ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। उन्होंने सभी से गुरुजनों और माता-पिता के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान बनाए रखने व अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का आह्वान किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में बाड़मेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, नागौर, बीकानेर, बादड़िया, लिखमांदेसर, नापासर, कतरियासर, छाजूसर, पड़िहारा एवं सुजानगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुभगवान प्रजापत सहित बगीची के सेवक बालाराम गोदारा, भीकमचंद सुथार, भगवानदास स्वामी, नौरतमल नाई, मगतमल नाई, भवानी सैनी, गजेंद्र प्रजापत, नंदू माली, संतोष सुथार, रायचंद नाई, दौलतराम जाट, किसनाराम पटवारी, जगदीश पुरोहित, देवकिशन सुथार, मुन्नालाल प्रजापत, पूनमचंद, सांवरमल घोड़ेला, हरिप्रसाद जोशी, गोविंद माली, वासुदेव, देवेंद्र सैनी, सीताराम जाट सहित अनेक श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

## मोबाइल की छोटी-सी स्क्रीन से लौट आया गांव का अपनापन

### शिक्षक ने प्रवासियों को फिर जोड़ा अपनी मिट्टी से

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** गांव छोड़कर वर्षों पहले रोजगार और व्यवसाय के लिए देश के अलग-अलग शहरों में बसे लोगों का अपने पैतृक गांव से रिश्ता बना तो रहता है, लेकिन समय के साथ संवाद कम हो जाता है। जाखल के सरकारी शिक्षक संजय कुमार मीणा ने इसी दूरी को मिटाने का संकल्प लिया और सोशल मीडिया को गांव और प्रवासी समाज के बीच एक जीवंत सेतु बना दिया। उन्होंने व्हाट्सऐप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग सामाजिक कार्यों के लिए अलग-अलग समूह बनाए। इन समूहों से देशभर में बसे प्रवासी परिवारों को जोड़ा गया। अब उन्हें अपने गांव की हर छोटी-बड़ी गतिविधि, गौशाला के सेवा कार्य, धार्मिक आयोजन, वृक्षारोपण और सामाजिक अभियानों की नियमित जानकारी मिलने लगी। वर्षों से गांव से दूर रहने वाले लोगों का अपनी जन्मभूमि और पैतृक गांव के प्रति लगाव फिर से जागने लगा। वे केवल खबरें पढ़ने तक सीमित नहीं रहे बल्कि गांव के सुख-दुख और विकास की हर पहल के सहभागी बन गए। इस आत्मीय जुड़ाव का परिणाम यह हुआ कि आज गांव में गौसेवा, वृक्षारोपण, धार्मिक आयोजन या किसी भी सामाजिक कार्य के लिए जैसे ही सोशल मीडिया समूहों में एक छोटी-सी अपील की जाती है, प्रवासी भामाशाह सबसे पहले आगे आकर सहयोग करते हैं। इसी विश्वास और पारदर्शिता के कारण पिछले वर्षों में लाखों रुपये का जनसहयोग सेवा कार्यों के लिए प्राप्त हुआ है। संजय मीणा का मानना है कि जब तकनीक लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने लगे, तब वह केवल संचार का माध्यम नहीं रहती बल्कि समाज निर्माण की शक्ति बन जाती है।

## दीक्षारम्भ ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, जयपुर में नवप्रवेशित स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शोध, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, मेंटरशिप, पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी, इन्क्यूबेशन सेल तथा विद्यार्थी जीवन से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता ने कहा कि स्नातकोत्तर शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि करियर को नई दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से एआई और बदलती कार्य संस्कृति के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित करने का आह्वान किया। वाइस चांसलर प्रो. टी. एन. माथुर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में विद्यार्थियों को रचनात्मकता, नवाचार और व्यावहारिक सोच विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ समाज के विकास में प्रभावी योगदान देने के लिए सक्षम बनाना है।

## सेप्टिक टैंक नि:शुल्क खाली करवाने के लिए पालिका ने जारी किए हेल्पलाइन नम्बर

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** नगरपालिका क्षेत्र में एफएसटीपी एफएसटीपी संचालित है। राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत पात्र नागरिकों के सेप्टिक टैंक जा रही है। जिन नागरिकों के घरोए संस्थानो या प्रतिष्ठानो की सफाई/खाली करवाने की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराइमें सेप्टिक टैंक भरा हुआ है, वे इसे नि:शुल्क खाली करवाने हेतु नगरपालिका के हेल्पलाइन नंबर पररू 01561-240245 संपर्क कर सकते हैं। ईओ अजयप्रताप ने कहा कि सभी नागरिक स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर के निर्माण में अपना सहयोग दें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आसोटा**
**पंचायत समिति लाडनूँ**

क्रमांक: 2026-27/115 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 56/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत आसोटा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0574 UBN-ZNR2627GLOB00767

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत आसोटा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत आसोटा
पंचायत समिति लाडनूँ

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका नवलगढ़, झुन्झुनूं (राज.)**

**क्रमांक : न.पा.न./2026-27/2651-2652** **दिनांक : 29/07/2026**

**लोक-सुचना**

यत् आवेदक श्री मनोज कुमार सैनी पुत्र श्री प्रहलाद सैनी जाति माली निवासी ढूँढ़िया की ढ़ाणी तहसील-नवलगढ़ जिला-झुन्झुनूं (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| नवलगढ़, झुन्झुनूं | नवलड़ी | 2254/1827<br>2249/1416 | रकबा 0.2663 हैक्टेयर | आवासीय |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29/07/2026 को जारी किया गया।


प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी)
नगरपालिका नवलगढ़

## अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर जितेंद्र सिंह शेखावत का किया सम्मान

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। सैंसवास के जितेंद्र सिंह शेखावत पुत्र सतवीर सिंह ने नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से नेपाल के पोखरा में 23 से 27 जुलाई 2026 तक आयोजित एसकेबीएफ इंटरनेशनल गेम्स 2026 में जितेंद्र सिंह ने अंडर-30 आयु वर्ग के 96 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। जितेंद्र सिंह ने 115 किलोग्राम स्नैच तथा 155 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क, कुल 270 किलोग्राम भार उठाकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नेपाल से स्वर्ण पदक जीतकर गांव लौटने पर मंडावा रोड स्थित किसान पेट्रोल पंप पर रूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में जितेंद्र सिंह शेखावत का सम्मान किया गया। समाजसेवी राजेश धाभाई ने बताया कि सम्मान समारोह में भाजपा जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा, घोड़ीवारा के पूर्व सरपंच हेमंत सिंह, भास्कर दुलड़, मांडासी के पूर्व सरपंच धीर सिंह, कसेरू के पूर्व सरपंच महेश मील, जेजूसर के पूर्व सरपंच दिनेश एचरा, सुंदर पाल मुंड, भैरो सिंह शेखावत, मोहर सिंह लाइनमैन, अनिरुद्ध सिंह शेखावत, हनुमान सिंह, दातार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित आसपास के क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट की चित्रकला के दोनों वर्गों में दो सगी बहनों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में अणुव्रत समिति के तत्वाधान में श्री हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2026 के अंतर्गत स्कूल स्तरीय विविध प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या मेधा शर्मा के निर्देशन में हुई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कुल 172 छात्राओं का पंजीकरण हुआ । हमारी ताकत, हमारा परिवार की थीम पर दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सायनी सरकार, द्वितीय पूनम और तृतीय लक्ष्या जांगिड़ रही तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम मिहिका शर्मा एद्वितीय प्राची सोनी, तृतीय ख्याति शर्मा रही। वरिष्ठ वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुपर्णा सरकार ने द्वितीय गुनगुन कम्मा ने और तृतीय स्थान कविता शर्मा ने प्राप्त किया। इसी वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तनिष्का इंदौरिया, द्वितीय योगिता सोनी और, तृतीय चंचल रही। समूह गायन में प्रथम स्थान स्नेहा सोनी, तनिष्का इंदौरिया, रिया सोनी, योगिता सोनी और रुचिता शर्मा के समूह ने और एकल गायन में प्रथम स्थान प्रियांशी मेघवाल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता प्रभारी राजेश शर्मा व्याख्याता ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी अब जिला स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में भाग लेंगे, उसके बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक यह प्रतियोगिता आयोजित होगी । सह प्रभारी संतोष शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ का आयोजन व्यवस्था में दर्शनीय सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में व्याख्याता मधुलता चौधरी व्याख्याता, सोनू शर्मा, वरिष्ठ अध्यापिका संतोष शर्मा, अध्यापिका मनोज शर्मा एवं सुप्रिया स्वामी शामिल थी।

## श्वेत लप्पा पोशाक और बड़े मुकुट में सजे गोविंद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा पर बुधवार को आराध्य देव ठिकाना मंदिर गोविंद देव महाराज जयनिवास बाग में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। श्रीमन्माध्व गौडेश्वर आचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में मंगला झांकी के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ठाकुर श्रीजी को सुनहरे गोटे की श्वेत लप्पा जामा पोशाक धारण कराई गई। साथ ही पूर्णिमा का विशेष अलंकार श्रृंगार, बड़ा मुकुट और छड़ी धारण कराकर अलौकिक स्वरूप में दर्शन कराए गए। इस अवसर पर ठाकुरजी को विशेष रूप से बर्फी का भोग अर्पित किया गया तथा ग्वाल झांकी में मनोरथानुसार आकर्षक फूल बंगला सजाया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी के अनुसार गुरु पूर्णिमा का यह दिन श्रीपाद सनातन गोस्वामी के तिरोभाव महोत्सव के रूप में भी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा और पूरा परिसर जय गोविंद के जयघोष से गुंजायमान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में गणिनी आर्यिका विभा माताजी ससंघ के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. आईपी जैन एवं मृदुला जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। महिला मंडल की मोनिका जैन और अंतिमा जैन ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। इस दौरान मुकेश जैन परिवार, अमित लुहाड़िया एवं आशीष लुहाड़िया ने गुरु पूजन कराया, जबकि मनीष जैन व पायल जैन शाह परिवार धनबाद तथा महिला मंडल ने गणिनी आर्यिका विभा माताजी का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट कर गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। आयोजकों के अनुसार 32 परिवारों ने माताजी एवं संघ को वस्त्र भेंट कर धर्म लाभ अर्जित किया। समारोह में समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिला-पुरुष, युवा और बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। आयोजन समिति ने बताया कि 26 जुलाई को माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ था, जबकि 2 अगस्त को मंदिर परिसर में भव्य चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## सजा फैशन और टैलेंट का मंच : स्टाइल ऑन रैंप के पहले ऑडिशन में उमड़ी प्रतिभाएं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में सी-स्कीम स्थित सहकार मार्ग के लायला कैफे एंड लाउंज में जीएसएस फिल्म्स प्रोडक्शंस की ओर से नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट स्टाइल ऑन रैंप सीजन-1 का पहला ऑडिशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिस्टर, मिस और मिसेज कैटेगरी के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शो डायरेक्टर सुहान खान एवं अस्मा खान ने बताया कि पेजेंट के पहले सीजन के पहले ऑडिशन में जयपुर सहित प्रदेशभर से आए प्रतिभागियों ने डांसिंग, सिंगिंग, मिमिक्री, एक्टिंग और डायलॉग डिलीवरी जैसी गतिविधियों के जरिए जूरी सदस्यों के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को जूरी ने विभिन्न मानकों पर परखा। कार्यक्रम में जूरी सदस्य के रूप में भावना शर्मा, बसंत जैन, सैम पठान, संदीप सरना, मानसी गोयल और कशिश जैन मौजूद रहे। वहीं फोटोग्राफी पार्टनर के रूप में दानिश, मनोज और आदित्य ने जिम्मेदारी निभाई। आयोजन टीम में नावेद, जीशान, अदीबा, पूनम और काजल ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। आयोजकों ने बताया कि करीब 15 दिन बाद प्रतियोगिता का दूसरा ऑडिशन आयोजित किया जाएगा, जबकि अगले महीने एक बॉलीवुड सेलिब्रिटी की मौजूदगी में स्टाइल ऑन रैंप सीजन-1 का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा। इसमें चयनित प्रतिभागी अपनी अंतिम प्रस्तुति देंगे।

## एक अगस्त को मुहाना थाने में होगी पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल शनिवार, 1 अगस्त को पुलिस थाना मुहाना में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान मानसरोवर सर्किल के मुहाना, शिप्रापथ, मानसरोवर, पत्रकार कॉलोनी और नारायण विहार थाना क्षेत्रों के परिवादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार जनसुनवाई का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करना तथा पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाना है। उल्लेखनीय है कि जयपुर पुलिस कमिश्नर मित्तल द्वारा पूर्व में एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी, शिवदासपुरा, चौमूं, आमेर, रामगंज, चित्रकूट, मालवीय नगर, करधनी, प्रताप नगर एवं जामडोली में भी जनसुनवाई आयोजित कर आमजन को राहत प्रदान की जा चुकी है।

## एक अगस्त को गूंजेंगे अनुराधा पौडवाल के कृष्ण भजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी की शाम एक अगस्त को कृष्ण भक्ति के रंग में रंगने जा रही है। गुप्त वृंदावन धाम की ओर से मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में पद्मश्री एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका अनुराधा पौडवाल का लाइव कृष्ण भजन कॉन्सर्ट आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में वे अपने लोकप्रिय कृष्ण भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बनाएंगी। भजन क्वीन के नाम से प्रसिद्ध अनुराधा पौडवाल चार दशक से अधिक समय से संगीत जगत में सक्रिय हैं। उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओं में 9 हजार से अधिक गीत गाए हैं। बॉलीवुड में लंबी पारी के बाद उन्होंने स्वयं को भक्ति संगीत के लिए समर्पित किया और अब तक सैकड़ों भक्ति एल्बम जारी कर चुकी हैं। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास के अनुसार कॉन्सर्ट को लेकर जयपुर वासियों में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में अनुराधा पौडवाल अपनी सुरीली प्रस्तुति से श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों को कृष्ण भक्ति के रस में सराबोर करेंगी।

## शौर्य और शक्ति थीम पर वीमेन एक्सीलेंस अचीवमेंट अवॉर्ड्स आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिलाओं की उपलब्धियों और सशक्तिकरण को समर्पित श्रीमेन एक्सीलेंस अचीवमेंट अवॉर्ड्स-सीजन 9 का आयोजन वीआ इंडिया द्वारा फ्यूजन ग्रुप के सहयोग से होटल ग्रैंड सफारी में किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम शौर्य और शक्ति रही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कला, विज्ञान, व्यवसाय, महिला सशक्तिकरण और मनोरंजन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल विजय चौधरी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। विशिष्ट अतिथि पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। और ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं। आयोजक हरीश सोनी ने बताया कि सम्मान समारोह का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मंच प्रदान कर उनकी प्रेरणादायक उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में यशराज एडवरटाइजमेंट और एनडी स्टूडियो सहयोगी साझेदार रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों, सम्मानित महिलाओं और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया। समारोह में डॉ. आशा सुसावत, डॉ. सोनिया चीमा, अर्काजा सेठी, प्रियंका पुरोहित, डॉ. जयश्री भार्गव, एडवोकेट तनुश्री खींची, शालिनी पाठक, महिमा यादव, डॉ. माधुरी शर्मा, निवेदिता शेखावत, दिशा करमाकर, शैलजा सूरी, डॉ. वर्षा चौधरी, अनीता डांगी, ज्योत्सना जैन और सरिता शेरसिया सहित विभिन्न क्षेत्रों की 21 महिलाओं को वीमेन एक्सीलेंस अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# उदारमना दानदाताओं द्वारा दी जाने वाली आर्थिक मदद समाज का विकास तथा आमजन को राहत प्रदान करती है : सुराणा


निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** उदारमना दानदाताओं द्वारा दी जाने वाली आर्थिक मदद समाज का विकास तथा आमजन को राहत प्रदान करती है। ये विचार महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के संस्थापक चेयरमैन डॉ. सुंदरलाल सुराणा ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के फिजियोथैरेपी सेंटर को भामाशाह मांगीलाल संचेती द्वारा दो नई मशीनें, दो बेड सहित अन्य संसाधनों के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किये। नोखा केंद्र अध्यक्ष वीर सुरेंद्र कुमार हीरावत ने मांगीलाल संचेती का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह फिजियोथैरेपी सेंटर स्थापना से ही वीर मांगीलाल संचेती के सौजन्य से ही संचालित हो रहा है तथा इनके द्वारा अब तक लगभग 45 लाख रुपए की राशि इस केंद्र पर व्यय की जा चुकी है। वीर ईश्वरचंद दूगड ने बताया कि इन दोनों मशीनों सहित अन्य संसाधनों हेतु लगभग दो लाख रुपये की राशि व्यय हुई है। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. राहुल लेखाला ने बताया कि ये मशीनें मांसपेशियों में खींचाव कम करने व बंद नसों की रुकावट दूर करने में उपयोगी होगी। वीर राजेन्द्रसिंह राठौड़, मोहनलाल पारख व निर्मलकुमार भूरा द्वारा मांगीलाल संचेती का माल्यार्पण व दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉण् एम.पी. तिवाडी, पुरुषोत्तम तापड़िया, शिवरतन सोनी, लक्ष्मीकांत राठी, भंवरलाल छींपा सहित स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना व समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## जगदीश प्रसाद जांगीड़ पूर्व लेखाधिकारी के नेत्रदान से दो के जीवन में होगा प्रकाश

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 15 निवासी जगदीश प्रसाद जांगीड़, पुर्व लेखाधिकारी जोधपुर विद्युत वितरण निगम का बुधवार को प्रात: 84 वर्ष की उम्र में देवलोक गमन हो गया। उक्त सूचना पर देवकिशन स्मृति सेवा समिति के सीताराम जांगीड़ उनके परिवार को सांत्वना देने पहुंचे तथा उनके पुत्रों लालकृष्ण, राकेश कुमार, चेतन प्रकाश, पुत्री राधा देवी सहित पोत्र हेमन्त, देवेन्द्र, मनीष, नीरज, हरीश, हर्ष को नेत्र महादान के बारे में जानकारी देते हुए यह पुनित सेवा कार्य करने केलिए प्रेरित किया। परिजनों द्वारा आपसी सलाह मशविरा उपरांत सहमति देने पर प्राणनाथ हॉस्पिटल, सरदारशहर से तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व उनके सहयोगी दिनेश कुमार शर्मा की टीम को बुलाया गया। जिन्होंने सफलतापूर्वक कोर्निया प्राप्त कर लिया। जांगीड़ परिवार को नेत्र दान का प्रमाण पत्र मौके पर ही प्रदान किया गया। इस महादान से दो जरूरत मंदों को रोशनी मिल सकेगी। इस अवसर पर देवकिशन स्मृति सेवा समिति के सीताराम जांगीड़, विश्वनाथ सोनी, नरोत्तम लाल सोनी के साथ साथ परिवार के मेघराज, कनक कुमार, रतनलाल, धनराज, भींवराज, नितिन, महेश जांगीड़ उपस्थित थे।

## एन डांस कार्निवाल ऑडिशन में निखरी नृत्य प्रतिभाएं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नृत्य शैली डांस एकेडमी की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित श्एन डांस कार्निवाल के ऑडिशन का आयोजन विक्टर पब्लिक स्कूल और एक अन्य विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक किया गया। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बॉलीवुड, फोक, फ्यूजन सहित विभिन्न नृत्य शैलियों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने जूरी सदस्यों, अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई दिशा देती हैं। उन्होंने नृत्य शैली डांस एकेडमी की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए सहयोग का भरोसा जताया। ऑडिशन में प्रतिभागियों की प्रस्तुति, भाव-भंगिमा, तालमेल, मंच संचालन और आत्मविश्वास का मूल्यांकन विशेषज्ञ जूरी सदस्यों ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के सफल संचालन में कोऑर्डिनेटर शैफाली शर्मा, रेखा त्रिवेदी, प्रिया जैन, श्वेता जैन, डांस टीचर प्रेरणा मूलचंदानी तथा विक्टर पब्लिक स्कूल की एडमिन टीम के मोहम्मद दानिश और पूर्वी अडवानी सहित शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के निर्देशन की जिम्मेदारी नवीन अनोरिया ने निभाई। वहीं फरेम रंग तथा सविता कुमावत, सुरेंद्र कुमावत, नरेंद्र कुमावत, संदीप कुमावत, पूजा और पुष्पा शर्मा ने आयोजन में सहयोग दिया। नृत्य शैली डांस एकेडमी ने बताया कि एन डांस कार्निवाल का उद्देश्य प्रदेश की उभरती नृत्य प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकें। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी अब प्रतियोगिता के अगले चरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस पहल को बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया।

## अंतर्राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप के लिए दाधीच का चयन

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि स्टार स्पोर्ट्स अकादमी, तारानगर की प्रतिभाशाली वुशू खिलाड़ी तनवी दाधीच पुत्री सुशील दाधीच का चयन बटुमी जॉर्जिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में किया गया है। यह उपलब्धि न केवल तारानगर और चूरू जिले, बल्कि संपूर्ण राजस्थान के लिए सम्मान का विषय है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होना तन्वी के वर्षों के कठोर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। यह प्रतियोगिता अगस्त माह में प्रस्तावित है। तनवी दाधीच इससे पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रूस के मॉस्को में आयोजित वुशु प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुकी हैं। अब एक बार पुन: उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिससे खेल प्रेमियों में उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर चूरू वुशु एसोसिएशन के महासचिव एवं स्टार स्पोर्ट्स अकादमी, तारानगर के मुख्य कोच चिंकित शर्मा ने तनवी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह चयन उनकी निरंतर साधना, अनुशासित अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तन्वी जॉर्जिया में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पदक अर्जित करेंगी तथा प्रदेश का गौरव बढ़ाएँगी। तन्वी की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस ने सात फरार गिरफ्तारी वारंटी धर-दबोचे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे सात गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आसूचना संकलन, तकनीकी विश्लेषण और लगातार दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नाहरगढ़ थानाधिकारी सज्जन कुमार के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शंकर चेडवाल, योगेश सोनी, विशाल मालावत, बंटी जोगी, अंशुमान लिंगाडिया, प्रदीप साहू और सुनील उमरवाल को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट के बावजूद फरार चल रहे थे और पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे। इस कार्रवाई में नाहरगढ़ थानाधिकारी सज्जन कुमार के साथ उपनिरीक्षक गिरधारी लाल, हेड कांस्टेबल शेरसिंह और राजकृष्ण तथा कांस्टेबल प्रदीपमान, घनश्याम, रामभगत, विजय कुमार और रविन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई कर रही है।

## जेजेटी यूनिवर्सिटी में गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ आयोजित

निलेश मुद्‌गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विश्व शांति के लिए भव्य हवन का आयोजन किया गया। विद्वान पंडित विशाल शास्त्री के सानिध्य में पूजा अर्चना के साथ यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने हवन की शुरुआत की। इस अवसर पर इंजीनियर बी के टीबड़ेवाला एवं रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार भी पूजा अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। मंत्र उच्चारण के साथ हुए इस हवन का भव्य समापन यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ किया गया तथा सभी ने महा आरती के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार, डॉ महेश सिंह राजपूत, डॉ रामनिवास सोनी, डॉ अनंता शांडिल्य, डॉ नाजिया हुसैन, डॉ विजय माला, डॉ सविता, डॉ अंशु सिंह सहित विश्वविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## गुरु पूर्णिमा पर शिवा भजन मंडली ने बांधा समां



**बुगाला ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नन्द भवन में भजन संध्या एवं संत समागम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। लोहार्गल धाम के संत राजुदास व सूरदास के सानिध्य में कलाकारों ने गुरु महिमा का गुणगान किया और देर रात तक भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही। भजन संध्या में शिवा भजन मंडली के रिशाल सैनी ने गणेश वंदना के बाद मंगल की मूल भवानी शरणा तेरा है, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सहित एक से बढ़कर एक भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया। कार्यक्रम में संतों ने अपने प्रवचनों में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा देने वाले पथप्रदर्शक हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मनुष्य आध्यात्मिक उन्नति और जीवन की सार्थकता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर भजन संध्या का आनंद लिया। गुरुवार सुबह हवन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने आहुतियां दी।

## आठ साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आठ वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना और आसूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को आमेर के कुंडा क्षेत्र से दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कमल शर्मा पुत्र प्रेमशंकर, मूल निवासी मंगला छपुरी, टूंडला जिला फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश है। वर्तमान में वह खानाबदोश जीवन व्यतीत कर रहा था। आरोपी वर्ष 2012 में मोती डूंगरी थाना क्षेत्र में दर्ज आर्म्स एक्ट के प्रकरण में गिरफ्तार हुआ था। अदालत से जमानत मिलने के बाद वर्ष 2018 से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर आमेर के कुंडा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## पंच कुण्डिय महायज्ञ कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

निसं



**कांवट ( नवयत्न )।** गायत्री शक्तिपीठ कांवट में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दो पारियों में पंच कुण्डिय महायज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञ संचालन शांति कुंज प्रतिनिधि कुंदनलाल परिवाचक ने गुरू वंदना व गायत्री मंत्रों उच्चारण से कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इससे पहले दो दिन से अखण्ड गायत्री जप कर दीप यज्ञ सम्पन्न कराया। मंदिर परिवाचक ने प्रभावी उद्बोधन देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा पर अज्ञान के तिमिर को मिटाकर ज्ञान, संस्कार व सदाचार के दिव्य प्रकाश से जीवन को आलोकित करने वाले प्रथम गुरु माता-पिता एवं समस्त पूज्य गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा पर याद करें। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है, उनकी अहैतुकी कृपा से ही शिष्य को धर्म, विवेक और राष्ट्र आराधना की सच्ची प्रेरणा प्राप्त होती है। मानवता का पथ-प्रदर्शन कर एक श्रेष्ठ व संस्कारवान समाज का निर्माण करने वाले सभी पूज्य गुरुजन पुजनीय हैं। कार्यक्रम में शहर कांवट सहित भादवाड़ी, माधोकाबास, लोहरवाड़ा, थोई, करड़का, रुपपुरा, प्रीतमपुरी, जुगलपुरा, मेघपुरा, जोरावर नगर, पावटा, कोटड़ी गांवों से श्रद्धालुओं ने पंहुचकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया।

## 18 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी-दक्षिण ने 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पिछले सात वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2018 में मामला दर्ज होने के बाद से लगातार पहचान छिपाकर और ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस से बचता फिर रहा था। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नरेन्द्र कुमार शर्मा 45 पुत्र सुगन चंद शर्माए मूल निवासी सेड का मोहल्ला, शाहपुरा जयपुर तथा वर्तमान में सीतापुरा स्थित योगेंद्र नगर का निवासी है। आरोपी को तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र की मदद से उसके ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी मुहाना मुकेश कुमार के अनुसार परिवादी सुरेश गुप्ता ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नरेन्द्र शर्मा वर्ष 2015 से 2017 के बीच उनकी कंपनियों-संरचना इंफ्राविजन प्रा. लि. अबेकस बिल्डहोम प्रा. लि. और संरचना इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था।

नौकरी के दौरान उसने बिलों में हेराफेरी कीए टैली की एंट्रियों में बदलाव किया तथा कंपनी के चेक चुराकर उन पर फर्जी हस्ताक्षर किए। इन फर्जी चेकों के माध्यम से आरोपी ने करीब 18 लाख रुपए अपने और अपनी पत्नी के बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी मुहाना मुकेश कुमार और डीएसटी प्रभारी विशंभर दयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर धोखाधड़ी में प्रयुक्त राशि और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।